संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -81 रविवार, 21 जनवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## असम से गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान



### म्यांमार बॉर्डर पर होगी फेंसिंग

**गुवाहाटी,20 जनवरी 2024 (ए)।** असर दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुवाहाटी में असम पुलिस कमांडो के पासिंग आउट परेड समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जहां गृह मंत्री अमित शाह ने 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का जिक्र किया तो साथ ही म्यांमार बॉर्डर को लेकर भी बड़ा ऐलान किया। गृह मंत्री अमित शाह ने असम से घोषणा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार म्यांमार सीमा पर तार फेंसिंग करेगी। जिससे भारत में आवाजाही पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। गुवाहाटी में असम पुलिस कमांडो की पासिंग आउट परेड में बोलते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश में मुक्त आवाजाही को प्रतिबंधित करने के लिए जल्द ही म्यांमार के साथ भारत की सीमा पर बाड़ लगाएगी।

# रामलला से जुड़ी फर्जी खबरों पर सरकार सख्त

## मीडिया से कहा...ऐसी खबरें न फैलाएं...जिससे माहौल बिगड़े

**नई दिल्ली,20 जनवरी 2024 (ए)।** राम मंदिर से जुड़ी गलत खबरों को लेकर सरकार ने एक एडवाइजरी जारी की। जिसमें अखबार,न्यूज चैनल्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को फर्जी खबरों से बचने को कहा गया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की तरफ से जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि, सोशल मीडिया पर कुछ अन वैरिफाइड, भड़काऊ और फर्जी मैसेज फैलाए जा रहे हैं। जो सांप्रदायिक सद्भाव और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ सकते हैं।

अयोध्या में रामलला की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को आयोजित किया जाएगा,जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होंगे।

### पीएम मोदी प्राण-प्रतिष्ठा पर 4 घंटे अयोध्या में रहेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब 22 जनवरी यानी प्राण प्रतिष्ठा के दिन ही अयोध्या आएंगे। वह 4 घंटे रामनगरी में रुकेंगे। सुबह 10.30 बजे विमान से अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरेंगे। 11 बजे राम मंदिर पहुंच जाएंगे। यहां 3 घंटे रुकेंगे। प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने से पहले पीएम राम मंदिर परिसर में लगी जटायु की प्रतिमा का इनॉगरेशन करके पूजा करेंगे। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 12.20 से 1 बजे तक होगा।

### सीजेआई समेत 5 जजों को भी न्योता

अयोध्या में विवादित स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का फैसला देने वाले सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच के 5 जजों को भी 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में स्टेट गेस्ट के तौर पर न्योता दिया गया है।इनमें सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के अलावा पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई, जस्टिस एसए बोबडे, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एस अब्दुल नजीर शामिल हैं।

बॉलीवुड सुपर स्टार अमिताभ बच्चन निजी चार्टर्ड विमान से अयोध्या जाएंगे। अभिनेता अजय देवगन,अक्षय कुमार,अल्लू अर्जुन, मोहनलाल, अनुपम खेर और चिरंजीवी को भी न्योता मिला है। इसके अलावा सरोद वादक अमजद अली, गीतकार और कवि मनोज मुंतशिर, गीतकार प्रसून जोशी, निर्देशक संजय लीला भंसाली,चंद्रप्रकाश द्विवेदी को भी बुलाया गया है।



### प्राण-प्रतिष्ठा से 3 दिन पहले दिखा रामलला का चेहरा

अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा से 3 दिन पहले रामलला की प्रतिमा की पहली पूरी तस्वीर सामने आई। काले पत्थर से बनी मूर्ति में भगवान का विहंगम स्वरूप दिखाई दे रहा है। 5 साल के रामलला के चारों तरफ आभामंडल बनाया गया है। कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने इसे एक ही पत्थर से बनाया है। यानी, पत्थर को कहीं जोड़ा नहीं गया है।माधव कांडाली की असमिया रामायण में एक ऐसी कहानी है, जो किसी भी राम कथा में सुनने को नहीं मिलती। रावण को असम में धूरा-कौरी नाम से पुकारा जाता है। कहानी के मुताबिक, 'वनवास के दौरान एक दिन राम सीता के पैर पर सिर रखकर सो रहे थे। उसी वक्त सीता की सुंदरता से प्रभावित होकर रावण वहां आ गया और उन्हें परेशान करने लगा। सीता को उस वक्त बुरा लगा, लेकिन राम की नींद खराब ना हो, इसलिए उन्होंने ना ही कुछ कहा और ना शोर मचाया।

## श्रीरामलला की मूर्ति की वायरल फोटो पर मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास सख्त,बोले-प्राण-प्रतिष्ठा से पहले नहीं खोली जा सकती आंख,होगी जांच

पिछले कुछ घंटों से अयोध्या में श्रीराम मंदिर की मूर्ति की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। इस मूर्ति को अभी खोला नहीं गया है। लेकिन एक तस्वीर बार बार सामने आ रही है कि उनके नेत्र खुले हैं। इस पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने अपनी टिप्पणी दी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि मूर्ति स्थापित हो गई है और उसे अभी खोला नहीं गया है। उन्होंने कहा कि रामलला की मूर्ति को कपड़े से ढक दिया गया है।रामलला की आंख से पट्टी हटने और खुली आंखों वाली तस्वीर के सवाल पर सत्येंद्र दास ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा से पहले आंखों को खोला नहीं जा सकता। जिस मूर्ति का चयन हो जाता है, उस मूर्ति की आंखें बंद कर दी जाती हैं। उनकी आंखों को ढक दिया जाता है। जो तस्वीर दिखाई दे रही है वो मूर्ति है ही नहीं।



सत्येंद्र दास ने कहा कि ऐसी तस्वीर मिल नहीं सकती और अगर ऐसी तस्वीर है तो उसकी जांच होगी। ये जांच होगी कि मूर्ति की आंखें किसने खोली और ये तस्वीर कैसे वायरल हो गई। मंदिर के मुख्य पुजारी का कहना है कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए सारे कार्य होंगे, लेकिन नेत्र नहीं खुलेंगे। इस समय कर्म कांड किए जा रहे हैं।

# सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ कर ईडी देर शाम लौटा

» ईडी के जाने के बाद मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकले हेमंत सोरेन,

» कार्यकर्ताओं से बोले- कोई चोरी नहीं की है...

**रांची,20 जनवरी 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी की पूछताछ नहीं पूरी हो सकी है। केंद्रीय एजेंसी एक दिन और उनसे पूछताछ कर सकती है,जिसकी तिथि बाद में तय होगी। ईडी की टीम करीब सात घंटों की पूछताछ के बाद सीएम आवास से बाहर निकली। ईडी के जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी सीएम आवास से बाहर निकले। उन्होंने आवास के बाहर अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कोई चोरी नहीं की है। डरने की कोई बात नहीं है। जो भी आफत आएगी, वे सबसे आगे खड़े होकर मुकाबला करेंगे। झारखंडी डरने वाले नहीं हैं। रांची में जमीन घोटाला मामले में ईडी की टीम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ की। इधर, सीआरपीएफ के 10 वाहनों से भारी संख्या में जवान सीएम आवास के चारों तरफ पहुंचे हुए थे। जवान हीट प्रूफ जैकेट के साथ पूरी तैयारी से लैस थे। अलग-अलग टुकड़ियों में सीएम आवास के चारों तरफ लगाए गए थे।





ईडी की टीम के छह-सात अधिकारी थे। उन्हें सीएम आवास के गेट के बाहर गाड़ी से उतारा गया। उनका नाम व पता नोट किया गया। इसके बाद गेट से भीतर सभी अधिकारी पैदल ही आवास के भीतर गए।

### गाड़ियां मोरहाबादी मैदान की तरफ डायवर्ट


सीएम आवास व गोंदा थाना आमने-सामने है। दोनों के बीच मे कांके रोड है। गोंदा थाना के सामने ही कांके रोड पर झामुमो के कार्यकर्ता बैठे हुए थे। पूरी सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी गयी थी। गोंदा थाना से निकलने व जाने के लिए पैदल ही विकल्प बचा। गाड़ी का आवागमन नहीं हो पा रहा था।

लाल एलपीएन शाहदेव चौक (हॉट लिप्स चौक) से कांके की तरफ जाने पर रोक थी। वहीं, राम मंदिर चौक (प्रेमसंस मोटर चौक) से लाल एलपीएन शाहदेव चौक तरफ जाने पर भी रोक लगाई गई थी। वहां से सभी गाड़ियां मोरहाबादी मैदान की तरफ डायवर्ट की जा रही थीं।

# तमिलनाडु राजभवन पर पेट्रोल बम फेंकने वाले के खिलाफ एनआईए ने दायर की चार्जशीट

**नई दिल्ली,20 जनवरी 2024 (ए)।** तमिलनाडु के राजभवन पर पिछले साल अक्टूबर में पेट्रोल बम से हमला किया गया था। इस मामले में एक आरोपित के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने चार्जशीट दायर की है। कई कानूनी धाराओं के तहत चेन्नई के पूनमल्ली में एनआईए की विशेष अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया है।

तमिलनाडु के राजभवन के मुख्य द्वार के सामने पिछले साल 25 अक्टूबर को एक व्यक्ति ने पेट्रोल बम फेंका। विपक्षी दलों ने घटना को लेकर राज्य में कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे को लेकर सत्तारूढ़ द्रमुक पर निशाना साधा था। राजभवन ने दावा किया था कि बम ले जाने वाले उपद्रवियों ने मुख्य द्वार से अंदर घुसने की कोशिश की थी। हमलावरों ने राजभवन के अंदर दो पेट्रोल बम फेंके और भाग निकले।





### राज्यपाल ने लगाए थे गंभीर आरोप

राजभवन ने आरोप लगाए थे कि राज्यपाल आरएन रवि को सार्वजनिक तौर पर जान से मारने की धमकी देने की घटनाएं हुई हैं, लेकिन इस मामले में राज्य पुलिस की उदासीनता ने उनकी सुरक्षा को नुकसान पहुंचाया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घटना पर कहा था कि पेट्रोल बम फेंकने वाले व्यक्ति को तुरंत पकड़ लिया गया। उसकी पहचान करुक्का विनोथ के रूप में हुई है,जिसके खिलाफ कई मामले लंबित हैं।

# अमन अरोड़ा को बड़ी राहत

## कोर्ट ने दी पक्की जमानत इस मामले में मिली थी सजा

**चंडीगढ़,20 जनवरी 2024 (ए)।** जीजा से मारपीट के मामले में दो वर्ष की कैद की सजा के विरोध में कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा द्वारा जिला सेशन अदालत में की गई अपील पर शुक्रवार को माननीय जिला सेशन जज आरएस राय ने सुनवाई की। अदालत ने अमन अरोड़ा को पक्की जमानत प्रदान कर दी है व साथ ही दो वर्ष की सजा को अगले आदेश तक सस्पेंड कर दिया। वहीं. विरोधी पक्ष के राजिंदर दीपा द्वारा पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में 15 जनवरी के जिला सेशन जज के फैसले खिलाफ याचिका दायर की गई थी, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। साथ ही आदेश दिया कि 24 जनवरी को जिला सेशन अदालत में मामले पर बहस करें। जिला सेशन अदालत में अगली पेशी 24 जनवरी को होगी। गौर हो कि 21 दिसंबर को सुनाम अदालत ने घर में घुसकर राजिंदर दीपा से मारपीट करने के आरोप में कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा, उनकी माता परमेश्वरी देवी समेत नौ लोगों को दो-दो वर्ष की सजा व पांच-पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। बाद में कोर्ट ने अरोड़ा को सेशन कोर्ट में अपील करने के लिए तीस दिन का समय दिया था।



## विस्टेक्स एशिया के सीईओ संजय शाह की हुई मौत

**नई दिल्ली,20 जनवरी 2024 (ए)।** विस्टेक्स एशिया के सीईओ संजय शाह को हैदराबाद के पास निधन हो गया। संजय शाह का निधन स्टेज गिरने की वजह से हुआ है। वो यहां अपनी कंपनी के सिल्वर जुबली कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। विस्टेक्स एशिया के सीईओ की उम्र 56 साल थी। उनका निधन शुक्रवार की सुबह हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक विस्टेक्स एशिया ने हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में सिल्वर जुबली कार्यक्रम का आयोजन किया था। यह ईवेंट 2 दिनों (18-19 जनवरी) का था। संजय शाह ने अपने कर्मचारियों के लिए इस मेगा सेलीब्रेशन के लिए कमरा भी बुक किया था। घटना के वक्त करीब 700 से अधिक लोग वेन्यू पर मौजूद थे। बता दें, ये सभी लोग एरियल शो देखने के लिए इकट्ठा हुए थे।



तेलंगाना टुडे को इंसपेक्टर ए मनमोहन ने बताया,एक स्पेशल डिजाइन स्टेज बनाया गया था। जोकि कंक्रीट लेवल से 20 फीट क्रेन से ऊपर उठाया। इस उठाने में 6 एमएम की लोहे की तार का इस्तेमाल किया गया। दुर्भाग्य से लोहे के उस तार एक हिस्सा टूट गया और जिसकी वजह से स्टेज नीचे खड़े लोगों पर आ गिरा।स्टेज कंपनी के फाउंडर, सीईओ संजय शाह और कंपनी के प्रेसीडेंट राज डाटला के ऊपर गिरा। दोनों को गंभीर चोटें आई है। जिसके बाद उन्हें प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया। लेकिन शुक्रवार की सुबह संजय शाह का निधन हो गया। वहीं, राज की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है।

# बंगाल राशन वितरण मामला



### ईडी ने विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेकर आरबीआई से मांगी मदद

**कोलकाता,20 जनवरी 2024 (ए)।** पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण मामले में किए गए विदेशी मुद्रा विनिमय लेनदेन को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से मदद मांगी है। ईडी ने पहले ही कोलकाता में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत में विस्तार से बताया है कि कैसे मामले में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस नेता शंकर आध्या ने कथित घोटाले की कई करोड़ रुपये की रकम को पहले विदेशी मुद्रा में और बाद में हवाला मार्ग से विदेश मुख्य रूप से दुबई और बांग्लादेश में भेजा।

सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी अब इस मामले में देश के शीर्ष बैंक के साथ अपने पहले से ही सुरक्षित निष्कर्षों की पुष्टि करना चाहते हैं, यह देखते हुए कि विदेशी मुद्रा लेनदेन बाद के नियमों के तहत नियंत्रित होते हैं।

सूत्रों ने कहा कि ईडी के अधिकारियों ने पहले ही राशन वितरण मामले की जांच के दौरान सामने आए करोड़ों विदेशी मुद्रा लेनदेन में मानदंडों के उल्लंघन की पहचान कर ली है।मानदंडों के अनुसार जो व्यक्ति इस विदेशी मुद्रा विनिमय के लिए जा रहे हैं, उन्हें विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत भारतीय रुपये को विदेशी मुद्रा में परिवर्तित करते समय यात्रा विवरण प्रस्तुत करना होगा।

हालांकि सूत्रों ने कहा कि ईडी के अधिकारियों को इस बात के पुख्ता सबूत मिले हैं कि आध्या से जुड़ी विदेशी मुद्रा लेनदेन करने वाली संस्थाओं द्वारा ऐसे बुनियादी मानदंडों का पालन नहीं किया गया था।


सूत्रों ने कहा कि उचित प्रक्रियाओं का पालन किए बिना ऐसे रूपांतरण तब होते हैं जब परिवर्तित धन गलत तरीके से कमाया गया और बेहिसाब होता है, और इस मामले में परिवर्तित धन मुख्य रूप से राशन वितरण मामले की आय थी।

शनिवार को विशेष अदालत के आदेश के अनुसार, आद्या फिलहाल ईडी की हिरासत में है। उन्हें पश्चिम बंगाल के वन मंत्री और राज्य के पूर्व माल एवं आपूर्ति मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक का बेहद करीबी विश्वासपात्र माना जाता है, जिन्हें पिछले साल अक्टूबर में ईडी के अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था।

## रेप से गर्भवती हुई 11 साल की बच्ची को देना होगा बच्चे को जन्म

**नई दिल्ली,20 जनवरी 2024 (ए)।** रेप के बाद गर्भवती हुई 11 साल की लड़की को अब बच्चे को जन्म देना होगा। राजस्थान हाईकोर्ट ने लड़की को 31 हफ्ते का गर्भ गिराने की इजाजत देने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने लड़की की याचिका को खारिज करते हुए अपने फैसले में कहा कि पूर्ण विकसित भ्रूण को भी जिंदा रहने, इस संसार में आने और स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार है। जानकारी के अनुसार, मिली हाईकोर्ट के आदेश की कॉपी के मुताबिक जस्टिस अनूप कुमार ढांड ने कहा कि मेडिकल बोर्ड की सलाह के अनुसार, भ्रूण का वजन बढ़ रहा है और उसके सभी महत्वपूर्ण अंग पूरी तरह से डेवलप हो चुके हैं।

# अयोध्या पहुंची दुनिया की सबसे महंगी खास लकड़ी से बनी रामायण



### चार पीढ़ियों तक पहुंचाएगी आस्था का संदेश

**नई दिल्ली,20 जनवरी 2024 (ए)।** 22 जनवरी को लेकर देश में काफी उत्साह है। देश के कोने-कोने से राम मंदिर के लिए कुछ न कुछ आ रहा है। चाहे वह लड्डू हों,इत्र हो या दुनिया की सबसे बड़ी अगरबत्ती हो। वहीं,अब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले दुनिया की सबसे महंगी रामायण में से एक अयोध्या पहुंच गई है और इसकी कीमत एक लाख पैंसठ हजार रुपये है।राम मंदिर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रामायण लेकर अयोध्या पहुंचे पुस्तक विक्रेता मनोज सती ने एएनआई से रामायण को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि हम अपनी खूबसूरत रामायण के साथ यहां अयोध्या के टेंट सिटी में पहुंचे हैं। इस रामायण में कई खासियत हैं और यह दुनिया की सबसे महंगी रामायण है। उन्होंने कहा कि आप कह सकते हैं कि सबसे सुंदर रामायण अयोध्या में है। इसकी कीमत 1.65 लाख रुपये है।

उन्होंने आगे कहा कि बाहरी बॉक्स का डिजाइन और कागज इसे काफी खूबसूरत बनाता है। जैसे राम मंदिर तीन मंजिलों में बनाया जा रहा है, इसलिए इसे भी उसी तरह डिजाइन किया गया है। इसमें एक स्टैंड है जिस पर रखकर आप रामायण पढ़ सकते हैं।मनोज सती ने आगे बताया कि बॉक्स के लिए अमेरिकी अखरोट की लकड़ी का इस्तेमाल किया गया है, पुस्तक के लिए स्याही जापान से आयात की गई है। यह एक जैविक स्याही है। उन्होंने कहा कि किताब का कागज फ्रांस में बनाया गया है। यह एक एसिड-मुक्त कागज है। यह पेटेंट कागज है। कागज का उपयोग केवल इस पुस्तक में किया जाएगा। यह बाजार में कहीं भी उपलब्ध नहीं है।

आगे रामायण की खूबियों के बारे में बताते हुए कहा कि किताब 400 साल तक चल सकती है। इसका खूबसूरत कवर भी बनाया गया है। इसलिए यह सुरक्षित रह सकती है। किताब को चार पीढ़ियां पढ़ सकती हैं। सती ने बताया कि खूबसूरत और आकर्षक डिजाइन के पीछे मकसद यह है कि आपको हर पेज पर एक अलग डिजाइन देखने को मिलेगा। हर पेज पर कुछ नया देखने को मिलेगा।

CMYK

## संपादकीय

# भारतीय छात्रों को मुश्किल

कनाडा ने पिछले साल भारतीयों को कम स्टडी वीजा जारी किए। 2022 के मुकाबले पिछले साल की चौथी तिमाही में 86 फीसदी कम छात्र वीजा जारी हुए। 2022 में 1,08,940 वीजा जारी हुए थे,वहीं 2023 की इस अवधि में मात्र 14,910 वीजा जारी हुए।

पिछले साल जब कनाडा सरकार को करारा जवाब देने के लिए भारत ने उसके राजनयिकों को देश से निकाला, तभी यह अंदेशा पैदा हो गया था कि इसकी कीमत कनाडा में पढ़ाई करने को इच्छुक भारतीय छात्रों को चुकानी पड़ सकती है। अब इस अंदेशे की पुष्टि हो गई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक विवाद शुरू होने के बाद कनाडा पढ़ने जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में बड़ी गिरावट आई है। कनाडा ने पिछले साल भारतीयों को कम स्टडी वीजा जारी किए। 2022 के मुकाबले पिछले साल की चौथी तिमाही में 86 फीसदी कम छात्र वीजा जारी हुए। 2022 की चौथी तिमाही में 1,08,940 वीजा जारी किए गए थे, वहीं 2023 में इसी अवधि में मात्र 14,910 वीजा जारी हुए। भारत ने कनाडा के जिन राजनयिकों को अपने यहां से निष्कासित किया था, उनमें वीजा जारी करने वाले अधिकारी भी शामिल थे। कनाडा के इमिग्रेशन मंत्री मार्क मिलर ने कहा है कि उन्हें नहीं लगता कि निकट भविष्य में हालात में कोई सुधार होगा। उन्होंने कहा कि भारत से आने वाली अर्जियों को निपटाने की कनाडा की क्षमता भारत के साथ बिगड़े रिश्तों के कारण आधी हो गई है। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक विवाद तब पैदा हुआ, जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया कि खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार का हाथ हो सकता है। निज्जर कनाडा का नागरिक था। कनाडा सरकार ने अपने दावे के समर्थन में सार्वजनिक तौर पर कोई ठोस सबूत उपलब्ध नहीं कराया है। लेकिन उसका दावा है कि उसके पास ऐसे पुख्ता सबूत हैं। भारत ने कनाडा के आरोप का खंडन किया था। जवाबी कार्रवाई के तौर पर कनाडा के राजनयिकों को निकाला गया था। लेकिन कुछ महीनों बाद वैसा ही आरोप अमेरिका ने भी भारत पर लगा दिया। तब भारत की प्रतिक्रिया अलग किस्म की रही और उस आरोप की भारत में जांच कराई जा रही है। गौरतलब है कि अमेरिका ने भारत से कनाडा की जांच में भी सहयोग करने को कहा था। बहरहाल, तब भारत ने जो रुख तय किया, उसका खामियाजा भारतीय छात्रों को भुगतना पड़ रहा है।

# यात्री विमान का या ट्रेन का,सबकी औकात मवेशी क्लास

**देश** में हाहाकार मचा है। राजधानी दिल्ली से लेकर वित्तीय राजधानी मुंबई तक यात्री विमान 12-12 घंटे की देरी से उड़ रहे हैं। यात्री घंटों हवाईअड्डे पर और विमान के अंदर और यहां तक कि एयरोब्रिज पर अटके रह रहे हैं। हिंदी फिल्मों को एक सफल अभिनेत्री राधिका आप्टे ने ट्विट करके बताया कि वे मुंबई से भुवनेश्वर जाने वाली उड़ान में कई घंटे एयरोब्रिज पर फंसी रहीं। मतलब विमानन कंपनी वालों ने बोर्डिंग करा दी और यात्रियों को अंदर भेज दिया लेकिन एयरोब्रिज के दूसरे सिरे पर जहाज आकर नहीं लगा। सो, यात्री न जहाज में जा सके थे और न वापस हवाईअड्डे पर लौट सके। इसी तरह कांग्रेस के एक नेता ने ट्विट करके बताया कि मुंबई से गुवाहाटी जाने वाली उनकी उड़ान तीन घंटे की देरी से उड़ी और उसके बाद 12 घंटे में गुवाहाटी पहुंची। इस बीच उनके जहाज को बांग्लादेश की राजधानी ढाका डायवर्ट किया गया था,जहां करीब सात घंटे लोग जहाज के अंदर ही बैठे रहे थे। गोवा से दिल्ली जाने वाले एक जहाज को 17 घंटे की देरी के बाद मुंबई भेज दिया गया, जहां भूख से बिलबिला रहे यात्रियों को विमानन कंपनी के लोगों ने रनवे पर बैठा कर खाना खिलाया। इसके लिए कंपनी को नोटिस भी जारी किया गया है। इसके बाद दिल्ली से गोवा जाने वाले एक विमान के यात्री ने तो 13 घंटे की देरी से नाराज होकर पायलट को थप्पड़ मार दिया। ये सब पिछले एक हफ्ते की खबरें हैं।

कहा जा रहा है कि घने कोहरा की वजह से उड़ान में देरी हो रही है। सवाल है कि क्या इन सबके लिए सिर्फ कोहरा जिम्मेदार है? नहीं! कोहरा सिर्फ एक बहाना है। इसके लिए सिर्फ यह मानसिकता जिम्मेदार है कि भारत के नागरिक भेड़-बकरी होते हैं। उनका कोई अधिकार नहीं होता है। उनकी कोई




हैसियत नहीं होती है। शशि थरूर ने इकोनॉमी क्लास में बैठने को वालों कैटल क्लास यानी मवेशी क्लास का नागरिक बताया था लेकिन क्या सिर्फ इकोनॉमी क्लास वाले ही भेड़-बकरी हैं? क्या 12 घंटे या 17 घंटे की देरी बिजनेस क्लास वालों को नहीं भुगतनी पड़ रही है? क्या उनका विमान डायवर्ट नहीं हो रहा है? क्या बिजनेस क्लास वाले हवाईअड्डे पर बैठ कर झक्ख नहीं मार रहे हैं या घंटों एयरोब्रिज पर अटके नहीं रह रहे हैं? सबकी हालत और हैसियत एक जैसी है। एक बार जहाज में बैठने के बाद सबकी स्थिति एक जैसी हो जाती है। सब एयरलाइन कंपनी के रहमोकरम पर होते हैं। वहां किसी को अपना गुस्सा जाहिर करने की इजाजत भी नहीं होती है। वह चुपचाप असहाय होकर बैठा रहे अगर उसने गलती से गुस्सा जाहिर कर दिया तो उसको नो फ्लाई लिस्ट में डाल दिया जाएगा।

भारत में विमानन मंत्रालय को नागरिक विमानन मंत्रालय कहा जाता है। क्या विडम्बना है कि इसमें नागरिक को छोड़ कर सबका ध्यान रखा जाता है। विमानन कंपनियों के ग्राउंड स्टाफ से लेकर चालक दल तक सबसे काम करने के घंटे तय हैं। उनके अधिकार परिभाषित हैं। अगर किसी कारण से विमानों के उड़ने में देरी हो रही है तब भी चालक दल तय समय से ज्यादा काम नहीं करेगा। बिना उड़ान भरे उसकी ड्यूटी खत्म हो जाएगी और दूसरा चालक दल आगे का काम संभालेगा। लेकिन इस तरह की कोई सुविधा नागरिकों को नहीं है। उन्हें तो बताने तक की जरुरत नहीं समझी जाती है कि उनके विमान की उड़ान में किस वजह से और कितने समय की देरी हो रही है। लोग परिवार के बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं के साथ हवाईअड्डे पर, एयरोब्रिज पर या विमान के अंदर विमानन कंपनी के कर्मचारियों को टुकुर-टुकुर देखते रहते हैं और अपने अपने भगवान को याद करते रहते हैं कि जल्दी से जल्दी अपने गंतव्य तक पहुंचे। क्या उनकी मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना का कोई मतलब नहीं है? सचमुच सब कुछ भगवान भरोसे है।

बिल्कुल यही स्थिति ट्रेनों की है। हालांकि उनकी ज्यादा चर्चा नहीं हो रही है लेकिन हर दिन दर्जनों ट्रेनें कई कई घंटों की देरी से चल रही हैं। लोग ट्विट करके ट्रेनों के अंदर की गंदगी और खास कर शौचालय की गंदगी की तस्वीरें शेयर कर रहे हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं है। वहां भी स्लीपर क्लास में बैठे व्यक्ति की हालत भी वैसी ही जैसी फर्स्ट क्लास में बैठे यात्रियों की है। सब एक जैसे मवेशी क्लास वाले हैं। वैसे भी रेलवे से कमाई बढ़ाने की सोच में सरकार ने स्लीपर क्लास के डब्बे कम कर दिए हैं और एसी क्लास के डब्बे बढ़ा दिए हैं। सो, ट्रेन में एसी क्लास में सफर करने वाले भले अपने को महत्वपूर्ण मानते हों लेकिन हैं वे भी मवेशी क्लास के ही। उनका भी हाल पूछने वाला कोई नहीं है। चाहे जनरल बोगियों में भेड़-बकरियों की तरह ठूंस कर जाने वाले यात्री हों या एसी फर्स्ट क्लास वाले सबकी हालत एक जैसी है।

सवाल है कि क्या यह इतना मुश्किल है कि हवाईजहाज या रेलवे में यात्रियों को समय से देरी की सूचना दी जा सके या देरी होने पर उनके लिए आराम से ठहरने या खाने की व्यवस्था की जा सके? अब बताया जा रहा है कि सरकार ने नियमों में बदलाव किया है और कहा है कि तीन घंटे से ज्यादा की देरी होने पर विमानन कंपनियां उड़ान को रद्द कर सकेंगी। इसके अलावा विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया है कि छह महानगरों के हवाईअड्डों पर वॉर रूम बनाया जाएगा और दिन भर में तीन बार देरी की सूचना देनी होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि 24 घंटे सीआईएसएफ की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। इसमें भी नागरिक कहां हैं? उन्होंने यह तो बताया नहीं कि देरी होने पर यात्रियों को क्या सुविधाएं मिलेंगी। उलटे 24 घंटे सीआईएसएफ तैनात करेंगे ताकि यात्री डर कर रहें और विमानन कंपनी वालों से सवाल नहीं पूछ सकें।

सोचें, यात्रियों को उड़ान से कम से कम एक घंटे पहले हवाईअड्डे पर पहुंचना होता है और तीन घंटे बाद अगर उड़ान रद्द होती है तो उनका क्या होगा? उन्हें फिर कितनी देर में दूसरी उड़ान मिलेगी और उस अवधि में उनके ठहरने, खाने की क्या व्यवस्था होगी? विमान में बैठाने के बाद देरी होने पर क्या होगा? क्या यात्रियों को विमान से उतार कर वापस हवाईअड्डे पर लाने की व्यवस्था होगी? ध्यान रहे विमानों में ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को बैठाने के लिए सीटों के बीच की जगह बहुत कम कर दी गई है और ऊपर से हर सीट के लिए किराए के अलावा एक कीमत तय कर दी गई है। लंबे समय तक ऐसी सीटों पर बैठना लोगों के लिए मुसीबत की तरह है। ऊपर से शौचालय तीन ही होते हैं और ज्यादा देरी होने पर उनकी साफ-सफाई की कोई व्यवस्था नहीं होती है। यही हाल ट्रेनों का है। वहां भी ज्यादा यात्रियों को एडजस्ट करने के लिए सीटों की दूरी घटाई गई है और रियल टाइम में शौचालयों की सफाई की कोई व्यवस्था नहीं होती है। बरसों से कहा जा रहा है कि कोहरे में ट्रेनें समय से चलती रहें इसके लिए तकनीक आ गई है लेकिन उन तकनीकों के बावजूद ट्रेनें समय से नहीं चल रही हैं। चाहे हवाईजहाज हो ट्रेन सेवा अगर सरकार यात्रियों को नागरिक मान कर उनके अधिकारों का ख्याल रखे तो सब कुछ ठीक हो सकता है। परंतु बड़ा सवाल यह है कि भेड़-बकरियों को सरकार नागरिक क्यों मानेगी?

-अजीत द्विवेदी-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## श्री राम जी का जय घोष करो

जय घोष करो,जय घोष करो
श्री राम जी का जय घोष करो
फहराओ अब तो भगवा झंडा
गाँव-शहर में ये शंखनाद करो।
श्री राम जी अयोध्या पधारेंगे
हम सब उनके चरण पखारेंगे
त्रिवेणी -संगम से, जल लाएंगे
सरयू जलाभिषेक कर जाएंगे।
माता शबरी का गुणगान करो
सेवा भक्ति को शिरोधार्य करो
जिस पथ पर, आएंगे राम मेरे
उस पथ में सुमन बरसात करो।
सुन्दर सुरभित सुमन सजाओ
रसीले बेरों से टोकरी सजाओ
मेरे राम को फल भोग लगाओ
राजा राम का मंदिर ये सजाओ।
नवधा भक्ति का गुणगान करो
प्रभु श्री राम का अरदास करो
श्री राम कथा का रसपान करो
आत्मा को भव सागर पार करो।



**अशोक पटेल आशु**
मेघा,धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# शिक्षा,संस्कार और साक्षरता राष्ट्रीय विकास के मुख्य आधार स्तंभ

**शिक्षा** और संस्कार किसी भी विकसित राष्ट्र की पृष्ठभूमि हो सकते हैं। एक शिक्षित राष्ट्र एक महान राष्ट्र बन



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी
रायपुर,छत्तीसगढ़

सकता है। सुसंस्कृत देश को एक सभ्य शांत और शालीन राष्ट्र माना जाता है जो वैश्विक शांति स्थापना का पक्षधर होने की दिशा में निरंतर प्रगतिशील होता है। भारत देश की गिनती ऐसे ही सभ्य संस्कारी राष्ट्र के रूप में होती है और ऐसी भावना तथा संकल्पनाओं को हमने कई सोपानों में प्रमाणित भी किया है।

सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगाद्य शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं। शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है। जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है। साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना उसे इसका कोई संबंध नहीं रह जाता हैद्य साक्षरता सदैव रोजगार मूलक स्त्रियों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है। शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और



विचारशीलता में वृद्धि करती है। ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा हैद्य सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है.पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्चश्रृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है। ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाए। शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है। वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है। महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है।


परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता है। पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता है पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती है। ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता है। अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है। इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होता है, एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं। एवं साधनों की परवाह न कर इसकी खुली अवहेलना हो लोग करने लगे हैं ,और इसी कारण शिक्षा के क्षेत्र में नकल, फर्जीवाड़े,धन देकर नौकरी प्राप्त करना आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साक्षर तो घोटालेबाज केतन पारेख हर्षद मेहता एवं कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन भी थे, किंतु इनकी शिक्षा की सार्थकता समाज द्वारा सदैव नापसंद की गई एवं समाज इन्हें हेय दृष्टि से देखने लगा है। आज के संदर्भ में ऐसी शिक्षा या साक्षरता की आवश्यकता है, जो मानव जीवन में मूल्यों का विकास एवं मूल्यों की प्रतिबद्धता विकसित कर सके। जिससे समाजिक गिरते मूल्यों तथा विरासत की अवहेलना ना हो सके। बिना मूल्यों के बिना संस्कृतिक विचारधारा के साक्षर होना ठीक उसी तरह है जैसे किसी बंदर के हाथ में बंदूक या उस्तरा देना है। हमें आज नैतिक साक्षरता देने की आवश्यकता होगी, जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास विरासत की रक्षा तथा मानवीय संवेदनाओं का संपुट हो, जो व्यक्ति को एक अच्छा इंसान बना सकें।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## राम राज्य



**प्रिया देवांगन प्रियू**
गरियाबंद
छत्तीसगढ़




स्वार्थ भरा जीवन क्या जीना,हँसकर समय बिताएँ।
नई उमंगें नये तराने, सीखें और सिखाएँ।।
छोड़ो कल की तुम बातों को, ये तो हुई पुरानी।
अब इतिहास रचें मिल करके, हो ये अमर कहानी।।
फूल खिले हर आँगनङ्गुलशन, मिले वक्त में रोटी।
मानवता को समझो सारे, रखो सोच मत छोटी।।
द्वेष भावना और अहिंसा, तज दो इनकी राहें।
धर्म सनातन दीप जलाकर, फैलाओ तुम बाँहें।।
तप्त हृदय लेकर क्यों बैठे,जलते हैं अंगारे।
अपनेपन का मोल नहीं क्यों, हैं रिश्तों से हारे।।
करें माफ हम इक दूजे को, आओ गले लगाएँ।
मानव मन की इस बगिया को, मिल के हम महकाएँ।।
नहीं गॉठ पड़ने तुम देना, चलना सीधी रेखा।
रक्त रगों में इक सा बहता, ना करना अनदेखा।।
हम चौरासी भोग लिए अब, मानव तन है पाया।
राम राज्य फिर से लाना है, हमने स्वप्न सजाया ।।

## पुकार

केवट से भगवान,राम करें गोहार!
करना बहुत काम,जाना मुझे उस पार!!
पग पखारूँ मै राम,कर केवट गोहार!
केवट बोले हे प्रभु,आप हो
पालनहार!!
माता सबरी कहती,हे प्रभु गुहार सुन !
लायी प्रेम से बेर,
जंगल से मै चुन चुन!!
रक्ष अनुज कहते राम,
हाथ जोर करे गोहार!
अधर्म का संग छोड़,
मित्र मिल करते जोहार!!
शिला से बनी नारी,
अहिल्या करे पुकार!
पाप से पुनीत किए,
कैसे भूलुं मै उपकार!!
मिला मीत से मीत,सुग्रीव करे गुहार!
वन मे बैठे मंडली,
कहे क्या दु उपहार!!



**लक्ष्मी नारायण सेन**
खुटेरी
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## एकमात्र तरीका

इस दुनिया में
हम क्या नहीं जानते
बहुत सी बातें
मॉडल जैसा है वैसा ही
हम क्या जानते हैं
बहुत सी बातें
वहाँ मौजूद है
वे हमारे जीवन में हैं।
अनुभवों पर दावत
हम सीख सकते हैं
अगर हम नहीं सीखते हैं
हम कुछ नहीं जानते
चलो मूर्ख बनें
इसलिए।।। जीवन में
हर विषय के साथ सावधान
आइए जानें
यदि आप सीख नहीं सकते हैं
हमारी अक्षमताएं विरोध
आइए सीखने की कोशिश करते हैं...
सीखना एक ही है
जीवन की बेहतरी के लिए
एकमात्र तरीका
यही जीने का तरीका है।
अंतिम तरीका?



**ओट्टेरी सेल्वा कुमार,**
चेन्नई,
तामिळनाडू

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# हैं दीवारें गुम और छत भी है नहीं

**महाज्ञानी** गुरु की अपेक्षा उनका शिष्य दो कदम आगे निकल जाए तो इस स्थिति पर कटाक्ष करने के लिए हमारे यहां एक



**वीरेंद्र बहादुर सिंह**
नोएडा
उत्तरप्रदेश

बहुत सुंदर मुहावरा है गुरु गुड़ ही रहे और चेला चीनी हो गया यानी गन्ने को पेरने से जो मधुरस निकलता है,उससे गुड़ बनता है, जबकि शक्कर तो उसके बाद बहुत ज्यादा शुद्धिकरण किया गया रूप है।

एक समय विश्वगुरु कहे जाने वाले भारत के मामले में उपर्युक्त मुहावरा कितना फिट बैठता था, आइए यह देखते हैं। शरीर को स्वस्थ और सुडौल रखने वाला योगासन विज्ञान हमारे देश में 1200 ई.पू. के आसपास आया माना जाता है। योगासन का बोलबाला सदियों तक रहा, इसके बाद इसका सूर्य अस्ताचल में जाने लगा। भारतीय इस विज्ञान को भूलने लगे, पर पश्चिमी देशों ने इस योगविद्या को अपना लिया। परदेशी लेखकों ने योग के महात्म्य को समझाते हुए योगा फार बेटर लिविंग, योगा ऐज मेडिसन, द योगा बाइबिल जैसे शीर्षकों वाली पुस्तकें लिखीं। साइंटिफिक रिसर्च पेपर्स निकाले, डाक्यूमेंटरी फिल्में बनाई। इतना ही नहीं, योग करने की सही रीति समझाई। एक समय के योग गुरु भारत ने दुनिया को जो योगविद्या दी, अंत में वह वाया यूरोप-अमेरिका भारत वापस आई। हम अल्टरनेटिव थेरेपी के वजनदार लेबल के अंतर्गत योगविद्या और मेडिटेशन सीगने लगे।

योगविद्या की ही तरह आयुर्वेद के साथ भी हुआ। नीम, हल्दी, चंदन, हरड़, इसबगोल, सर्पगंधा, शतावरी, गूगल, मूसली आदि कुदरती औषधियों के गुण के बारे में सुश्रुत, चरक और धन्वतरि जेसे आयुर्वेदाचार्य वर्षों पहले आयुर्वेद के मोटे-मोटे ग्रंथों में बहुत कुछ लिख गए हैं। पर इन ग्रंथों को घर की मुर्गी समझ कर उपेक्षा की गई। आखिर 1995-96 के अरसे में नीम, हल्दी और इसबगोल पर अमेरिकी फार्मा कंपनी ने पेटेंट लिया तो हमारी आंखें खुलीं। आज परदेशी फार्मा कंपनियां भारथीय आयुर्वेद को धता बताते हुए प्राकृतिक औषधिथों के सत्व वाली एलोपैथिक दवाएं (जैसे कि सर्पगंधा पर आधारित रक्तचाप के लिए राउवोल्फिया सर्पेंटिना) भारत सहित अनेक देशों में बेच कर खूब पैसा कमा रही हैं।

गुरु गुड़ ही रहे और चेला चीनी हो गए का तीसरा उदाहरण भी देखिए। छोटी उम्र में माता-पिता की छत्रछाया के अलावा सारी सुख-सुविधा छोड़ कर जंगल में एक साधु की तरह रहना ठंड-गर्मी-बरसात हहन करना, गुरु और देवस्थल को समर्पित हो कर उनके पास से विविध विषयों का ज्ञान लेना, आत्मसुरक्षा के लिए शस्त्र विद्या सीखना आदि प्राचीन भारत में आश्रम शिक्षा का चलन था। समय के साथ इसे पुरानी परंपरा का नाम दे कर खत्म कर दिया गया। अंग्रेजों द्वारा भारत में लाया गया मार्डन एजूकेशन सिस्टम अपनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों को ईट-पत्थर की चार दीवारों के बीच कैद कर दिया गया। दीवारें उनके लिए शारीरिक ही नहीं, मानसिक कैदखाना बन गईं। क्योंकि बंद कमरों में जो सिखाया जाता है, उसमें बाहर के कोई मौलिक विचार मार्डन एजूकेशन सिस्टम को मंजूर नहीं थे।

जंगल में जा कर रहने और किताबी नहीं, प्रेक्टिकल ज्ञान प्राप्त करने की प्राचीन भारतीय आश्रम शिक्षा प्रणाली हमारे देश में लगभग खत्म हो गई है। दूसरी ओर इस कारगर प्रणाली का यूरोपीय देश फिनलैंड पूरी तरह अनुकरण कर रहा है। केवल पढ़ाई के बजाय फिनलैंड की शिक्षा प्रणाली अंक पाने के लिए नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए है। अभी जल्दी ही फिनलैंड ने बुनियादी विकास के लिए एक कदम आगे बढ़ाया है। तीन से पांच साल के बच्चों के लिए वहां के शिक्षातंत्र ने समूजात कहा जाने वाला खास प्रोग्राम बनाया है, जिसके अंतर्गत बच्चों को सात घंटे जंगल में बिताना होता है।

क्या है समूजात प्रोग्राम और बच्चों को विकसित करने में इसका कैसा सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, इस पर की जाने वाली चर्चा केवल पढ़ने भर के लिए नहीं है, बल्कि पढ़ने के बाद उस पर विचार करने लायक है। उत्तरी गोलार्ध में इस समय ठंड का बोलबाला है। नार्वे, स्वीडन, डेनमार्क और फिनलैंड जैसे यूरोप के स्केरंडिनेवियन देशों में तो भीषण ठंड पड़ती है। दिन का सामान्य तापमान शून्य से नीचे पांच से पंद्रह डिग्री सेल्सियस जितना रहता है। इस विषम वातावरण में सामान्य रूप से बच्चों को स्कूल की चार दीवालों में हीटर की गर्मी में पढ़ाना चाहिए। पर यह परंपरागत ख्याल है, जो फिनलैंड की शिक्षा प्रणाली के %सिलेबस% में नहीं है। देश की नई पीढ़ी को कोमल नहीं, बल्कि साहसी प्रकृति की बनाना फिनलैंड की सरकार के लिए अग्रिम आवश्यकता है। इससे ठंड-गर्मी-बरसात जैसी प्राकृतिक आपदा समूजात प्रोग्राम में हर्डल नहीं बन सकती।

इस प्रोग्राम के अंतर्गत तालीम (शिक्षा नहीं, तालीम) लेने वाले तीन से पांच साल के बच्चों को उनके माता-पिता गरम कपड़े पहना कर एकदम सुबह स्कूल पहुंचा जाते हैं। इसके बाद स्कूल की बस उन्हें जंगल पहुंचाती है, जहां शिक्षकों की देखरेख में बच्चे अपने पिट्ठूबैग उठा कर कम से कम




40 मिनट की ट्रेकिंग कर बेज कैम्प पहुंचते हैं। ट्रेकिंग के दौरान शिक्षक उन्हें वन, वृक्ष और फूलों के बारे में अनोखी जानकारी देते हैं। समूह में एक दूसरे की मदद की महिमा समझाते हैं, साथ ही ट्रैकर के आगे निकल जाने की स्पर्धात्मक विचार के बदले सहयोग की भावना के साथ चलना सिखाते हैं। एक-दूसरे से कदम से कदम मिला कर पूरा संघ बेज कैम्प पहुंचता है तो स्कूल द्वारा पहले से तैयार किए तंबुओं में आराम करता है। जंगल में बना बेज कैम्प आगामी छह घंटों के लिए हर बच्चे के लिए ओपन एयर स्कूल या जहां वे शिक्षक से ज्ञान प्राप्त करते हैं, चित्रकला बनाते हैं, पजल्स हल करते हैं, गेम्स खेलते हैं, मिट्टी के घर बनाते हैं, पेड़ की डालों पर चढ़ते हैं, उन पर झूलते हैं, पक्षियों के गीत सुनते हैं और बेज कैम्प के आसपास जंगल में घूमने भी जाते हैं।

दोपहर का लंच कर के सभी बच्चे आधपौन घंटे तंबू में आराम करते हैं। दिन के सात घंटे प्रकृति के सान्निध्य में बिता कर शाम को पैदल चल कर बस तक और फिर बस से स्कूल आते हैं, जहां से माता-पिता अपने अपने बच्चों को घर ले जाते हैं।

सप्ताह के पांच स्कूली दिन में सोमवार, मंगलवार और बुधवार, तीन दिन जंगल के ओपन एयर क्लास में बिताना फिनलैंड के समूजात प्रोग्राम का उद्देश्य है। इन तीन दिनों के दौरान वातावरण भले ही कितना भी विषम हो, बच्चों को उसका सामना करना ही पड़ता है। सच पूछो तो यह उनकी शारीरिक और मानसिक तालीम का हिस्सा है। इससे बच्चों का इम्युन सिस्टम/रोगप्रतिकारक शक्ति बढ़ती है।

इस मुद्दे को शरीर विज्ञान के दृष्टिकोण से समझते हैं। बच्चे का जन्म होता है तो वह उसके बाद अनेक प्रकार के वायरस (विषाणु), वैक्टीरिया (जीवाणु) के संपर्क में आता है। धूल-मिट्टी, फूल-पेड़, बाह्य वातावरण नल या झरने का बहता पानी आदि के द्वारा उसके शरीर में विषाणु-जीवाणु आदि प्रवेश करते हैं, इसलिए उन्हें खत्म करने के लिए शरीर का रोगप्रतिकारक तंत्र किलर टी-सेल्स नाम के रक्षात्मक योद्धा कोशिकाओं को बढ़ा देता है। वैज्ञानिक अध्ययन द्वारा साबित हुआ है कि मिट्टी में खेल कर बड़े होने वाले बच्चे के शरीर का रोगप्रतिकारक तंत्र खासा मजबूत होता है। एलर्जी, दमा, सर्दी-खांसी जैसी तकलीफें जल्दी असर नहीं करतीं। मिट्टी में स्थित माइकोवैक्टेरियम वैक्के नाम का वैक्टीरिया इसके लिए जिम्मेदार होता है, जो इम्युन सिस्टम के किलर टी-सेल्स को उत्तेजित करता है।

इस तरह की कोशिकाओं की अक्षौहिणी सेना हमलावर विषाणुओं-जीवाणुओं को हराने की शक्ति प्राप्त कर लेता है।

आधुनिक जीवनशैली ने हमारे जीवन को कोमल बना दिया है। धूल-मिट्टी से दूर रहना, फूल के रज और पेड़ के फंगस से दूरी बनाए रखना, आरओ या मिनरल वाटर के अलावा दूसरा पानी न पीना, एअरकंडीशनर वातावरण में रहना आदि जैसी आदतों ने नई पीढ़ी की रोगप्रतिकारक शक्ति को गड़बड़ कर दी है। इसीलिए विषाणु-जीवाणु का जरा भी इन्फेक्शन उन्हें बीमार कर देता है।

इस दृष्टि से प्राचीन भारत के जंगल के आश्रम की शिक्षा बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करने में बहुत कारगर थी। मार्डन शिक्षा प्रणाली आने के बाद तमाम साल इस तरह बीते कि लगभग हर स्कूल में बच्चों को धूल-मिट्टी में खेलने के लिए विशाल मैदान होते थे। आज अधिक से अधिक बच्चों को समायोजित करने के लिए तमाम क्लासरूम बना कर धूल-मिट्टी के मैदानों को भूतकाल बना दिया गया है।

फिनलैंड का समूजात प्रोग्राम थ्री डायमेंशनल यानी कि त्रिपरिमाणीय है, जिसके दो पहलू (बच्चों की शारीरिक तथा मानसिक रूप से मजबूत करना) के बारे में यहां बात की गई है। अब तीसरे पहलू की बात करें तो इसमें प्रकृति के प्रति आदरभाव पैदा करना है। सोमवार, मंगलवार और बुधवार, इस तरह तीन दिन सात-सात घंटे प्रकृति की गोद में खेलते हुए विद्यार्थियों को उनके शिक्षक जंगल की संकीर्ण जैविक परिस्थितिकी समझाते हैं। विभिन्न जीवों और पर्यावरण के लिए उनकी जरूरत और संबंध को समझाते हैं।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# जय श्रीराम के नारों के साथ बच्चों ने निकाला शोभा यात्रा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरस्वती शिशु मंदिर समिति द्वारा संचालित महाविद्यालय, विद्यालय, शिक्षा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकल गया। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अंबिकापुर में देवीगंज स्कूल से जोड़ा पीपल, गोदरी चौक,गुरु नानक चौक, महामाया चौक, जय स्तंभ चौक, राम मंदिर, संगम चौक से होते हुए देवीगंज स्कूल में समाप्त हुआ। इस दौरान की सभी छात्र-छात्राओं के हाथ में भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम, भारत माता की जय, एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम, जब तक भगवा लहराएगा



राम राज आएगा आदि जयघोष लगाए।शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में शहर के श्रद्धालुओं जगह-जगह पुष्प वर्षा किया गया। यह शोभायात्रा सरस्वती शिशु मंदिर समिति के व्यवस्थापक बसंत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में निकाला गया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्रवाल समिती के सदस्य कपिल देवनारायण पांडे, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीपी तिवारी शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर श्रद्धा मिश्रा देवीगंज स्कूल के प्राचार्य मीरा साहू शिशु मंदिर सुभाष नगर के प्राचार्य संदीप साहू महाविद्यालय के पीआरओ प्रवीण शर्मा सुरज कुमार एवं प्राध्यापक ऋषि सिंह धर्मेंद्र श्रीवास्तव सभी संस्थाओं के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# 2 लाख 39 हजार रुपए ऑनलाइन ठगी का आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

2 लाख 39 हजार रुपए ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपी को बतौली पुलिस ने झारखंड के गिरिडीह से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी गई रकम में से 2 लाख 29 हजार रुपए बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार शिवप्रसाद सिंह पिता झमन सिंह बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम चिरगा का रहने वाला है। इसके मोबाइल पर 28 दिसंबर 2023 को एक अज्ञात व्यक्ति फोन



कर एक लिंक भेजा था। लिंक को खोलते ही शिवप्रसाद का मोबाइल हैंग हो गया। कुछ देर बाद क्रेडिट कार्ड से लगभग 2 लाख 39 हजार रुपये की निकासी होने का मेसेज आया। शिवप्रसाद ने मामले की रिपोर्ट बतौली थाना में दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने विक्की ठाकुर पिता नरेश ठाकुर उम्र 25 वर्ष निवासी पुरनानगर थाना मुफसील जिला गिरिडीह झारखण्ड को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी गई रकम में से 2 लाख 29 हजार रुपए भी बरामद करने में सफलता पाई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में निरीक्षक कैलाश मिर्रे, उप निरीक्षक अर्जुन यादव, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह,आरक्षक सुयश पैकरा,अशोक यादव शामिल रहे।



# वर्षों के बाद पदोन्नतिः संभाग के लिपिकीय वर्ग कर्मचारियों में उल्लास

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के समस्त जिलों में कार्यरत सहायक ग्रेड 03 के पद पर कार्यरत कर्मचारियो की सहायक ग्रेड-02 संवर्गियों पदों पर (सहायक ग्रेड-02/कैशियर / संगणक / स्टीवर्ड) विभागीय पदोन्नति वरिष्ठता क्रम के आधार पर सहायक ग्रेड-02 के पदों पर 23, संगणक-07, कैशियर 05 एवं स्टीवर्ड 02 पदों पर पदोन्नति पश्चात पदस्थापना की कार्यवाही संभाग स्तरीय चयन समिति के द्वारा कर्मचारियों की वरिष्ठता आधार पर पूर्ण की गयी। कई वर्षों के बाद पदोन्नति मिलने से सरगुजा संभाग के स्वास्थ्य विभाग के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों में हर्ष एवं उल्लास है।

# वैद्यों की प्रमाणीकरण CTTC के द्वारा किया गया

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

पीरामल फाउंडेशन के अनामय कार्यक्रम के अन्तर्गत आदिवासी परम्परागत वैद्य को चिन्हित कर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता एवं रेफ़रल को मज़बूती प्रदान करने के लिए वैद्यों की क्षमता वर्धन के लिए कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सरगुजा जिले की अंबिकापुर विकाशखण्ड से 22 चिन्हित वैद्य जो जड़ी बूटी से सामान्य बीमारी,हड्डी रोग, पीलिया, जोड़ों के दर्द के उपचार के लिए सेवाएँ प्रदान कर रहे है। उन वैद्य को अंबिकापुर वनबिभाग के सभाकक्ष में प्रमाणपत्र के लिए परीक्षा का आयोजन क्वालिटी काउंसिल ऑफ़ इंडिया नईदिल्ली के द्वारा चयनित पर्सनल सर्टिफ़िकेशन बॉडी सेंटर फॉर ट्रेड टेस्टिंग एंड सर्टिफ़िकेशन (CTTC)



के द्वारा किया गया।

यह परीक्षा क्वालिटी काउंसिल ऑफ़ इंडिया नईदिल्ली के मार्गदर्शन में CTTC के द्वारा वैद्यों की मौखिक प्रश्नोत्तरी एवम् वन औषधि पहचान, बीमारी एवं उपचार की प्रक्रिया, जड़ीबूटी का रखरखाव एवं संरक्षण के लिए प्रक्रिया को विस्तार से जाँच करता दल के विशेषयज्ञों के द्वारा लिया गया।

उक्त गतिबिधि में CTTC के अयुर्वेदाचार्य एवं आयुष चिकित्सक के दल ने किया।

उक्त कार्यक्रम में पीरामल स्वास्थ्य से कार्यक्रम प्रबंधक दिग्विजय कुमार, एवं ज़िला सरगुजा में पीरामल स्वास्थ्य के जिला समन्वयक देवीप्रसाद पांडे, महेंद्र तिवारी, सरस्वती बिशवकर्मा, सुषमा अडामने, नीतेश, की सक्रिय सहभागिता से सम्पन्न हुआ।



# मेला जाने के लिए बेटा पिता से धान बेचकर मांग रहा था पैसा, नहीं देने पर उतारा मौत के घाट

- संवाददाता -
शंकरगढ़,20 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम चांगरो में 18 जनवारी की शाम को कलयुगी बेटे ने पिता को लाठी और सब्बल से मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। आरोपी पिता से मेला देखने के लिए धान बेचकर पैसा मांग रहा था। पिता द्वारा धान बेचने से मनाकरने पर उसे मौत के घाट उतार दिया। अजय पैकरा शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम चांगरो का रहने वाला है। वह 18 जनवारी को मेला जाने के लिए रघुराम पैकरा से धान बेचकर पैसा मांग रहा था। पिता द्वारा धान बेचने से मना किए जाने से नाराज बेटा ने पिता से विवाद करना शुरू कर दिया। गुस्से में आकर बेटा ने लाठी व सब्बल से जानलेवा हमला कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर शंकरगढ़ पुलिस तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

# रेत भरी ट्रैक्टर से दबकर युवक की मौत,परिजन सदमे में

- संवाददाता -
सीतापुर (सरगुजा), 20 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

रेत भरकर जा रही ट्रैक्टर से उछलकर नीचे गिरे युवक की चक्के से दबकर मौत हो गई। युवक शादीशुदा था और मजदूरी करके अपना और परिवार का गुजर बसर करता था। इस घटना के बाद से युवक के घरवाले सदमे में है।



पुलिस ने इस मामले में घटनाकारी ट्रैक्टर को जब्त कर चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार शुक्रवार रात लगभग आठ बजे रेत से भरी ट्रैक्टर जुनापारा मंगारी जा रही थी। ट्रैक्टर अमित खाखा चला रहा था और उसके बाजू में सोनू खाखा एवं राजेंद्र एक्का बैठे हुए थे। चालक ट्रैक्टर को काफी तेज गति से चला रहा था। जिसकी वजह से राजेंद्र एक्का का संतुलन बिगड़ा और वह बनेयाटिकरा मंगारी पुलिया के पास उछलकर सड़क पर जा गिरा। नीचे गिरते ही युवक का सिर ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक शादीशुदा था और मजदूरी करके अपना घर चलाता था। इस घटना के बाद मृत युवक के परिजन काफी सदमे में है। इस घटना के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त करते हुए चालक अमित के विरुद्ध धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# राजेश प्रताप सिंह चौथीं बार खेलों इंडिया युथ गेम्स में होंगे शामिल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिला बास्केटबाल संघ के संचालक व सरगुजा के बच्चों को



निःशुल्क बास्केटबाल प्रशिक्षण देने वाले राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह 6 वीं खेलो इंडिया युथ गेम्स 2024 कोयंबटूर,तमिलनाडु में छत्तीसगढ़ प्रदेश बालिका बास्केटबाल टीम के मैनेजर के रूप में सम्मिलित होने जा रहें हैं। इससे पहले सिंह खेलो इंडिया गेम्स में अलग अलग जिम्मेदारी के साथ हिस्सा ले चुके हैं।राजेश प्रताप सिंह तीन दशक से भी अधिक समय से बास्केटबाल समेत अन्य खेल गतिविधियों को गति और प्रगति प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभा चुके हैं। बास्केटबाल के राष्ट्रीय कोच और आदिवासी बाहुल्य सरगुजा जिले की खेल प्रतिभा को निखार के राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने वाले राजेश प्रताप सिंह इससे पहले खेलो इंडिया युथ गेम्स दिल्ली, उसके बाद गुवाहाटी और,इन्दौर की प्रतियोगिता में शामिल हो चुके हैं।

# कालिदास महाविद्यालय प्रतापपुर की कैम्पस कार्यकारणी हुई घोषित,रिंकु नाविक बने महाविद्यालय अध्यक्ष और बरतलाल बने मंत्री,भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गई



- संवाददाता -
प्रतापपुर,20 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

अभाविप प्रतापपुर में कैम्पस कार्यकारणी कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कोरिया विभाग के विभाग संयोजक निलेश नाविक एवं सूरजपुर जिला संयोजक अंकुर पटेल साथ ही प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रदीप यादव उपस्थित रहे इस दौरान सभी वक्ताओं ने कालिदास महाविद्यालय के विद्यार्थियों के समक्ष अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया, वक्तव्य देते हुए निलेश नाविक ने सभी छात्र छात्राओं को विद्यार्थी परिषद के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा की विद्यार्थी परिषद किसी भी राजनीति संगठनों से संबंध नहीं रखता विद्यार्थी परिषद एक स्वतंत्र छात्र संगठन है जो छात्रों के समस्याओं का समाधान के लिए सदैव ही संघर्ष करता है ।

इस बीच कॉलेज कैम्पस का गठन निर्वाचन अधिकारी के रूप में प्रदीप यादव जी ने किया जिसमे कॉलेज कैम्पस के कैम्पस अध्यक्ष- रिंकु नाविक,मंत्री-बरत लाल , उपाध्यक्ष-पूजा दूबे,कौशील्या,खुशबू ठाकुर,विकास नाविक , प्रीतम पटेल, नारायण पैकरा , मनोज रजवाड़े , नंदेश्वर यादव सह मंत्री - विमला सिंह , किरण नाविक , आशीष देवांगन , नीरज नापित, अमन नाविक , नीलम , विवेक सोनी कार्यालय मंत्री - दयाशंकर आयम एस. एफ. डी. प्रमुख - दुर्गेश रजक एस. एफ. एस. प्रमुख - कुणाल मानिकपुरी राष्ट्रीय कला मंच- सैलेश, सीता सोन्हा क्रीड़ा प्रमुख- नरेंद्र सिंह कार्यकारणी सदस्य - अजय नाविक, श्रावण कुमार, देव कुमार, अनिमा प्रधान, राम धनी, दुलार साय पैकरा, किसन कुमार, अशोक कुमार, अमन पैकरा, ऋषभ श्रीवास्तव, मनीष नाविक, शिवम यादव, ओमप्रकाश यादव, सविता पैकरा, निरासो पैकरा, सरस्वती पैकरा, ममता, जया पैकरा, मनीषा आयम, सुनीता आयम, आशा, संजना, लक्ष्मी, निर्मला, चंचल, उर्मिला, आस्था पैकरा, रिया, अनुराधा सिंह, मीना सिंह, रीना प्रजापत्ति, कांति रजक, फूलकुमारी, सरिता सिंह, मानमति मरावी, सविता, आराधना, संगीता, सावित्री, सीपी, सत्या सिंह, कलावती, चंदा यादव, मंतोषी, सुसीला, रचना, मधु, सुनीता पैकरा, अंजिता सेन, भगमनिया, सिमरन नाविक, सविता, सुनीता पण्डो, रवीना पैकरा, श्यामपति, सुचिता सोनहा, विमला पैकरा, मानमती, मंजूषा रानी, सरस्वती, निरूपा, नेहा पैकरा, सीता, कल्पना नाविक, निमी रजवाड़े, प्रियंका रजवाड़े, नितिन नाविक, सुभाष पैकरा, दामोदर रजवाड़े, अरुण पैकरा, महेंद्र सिंह, प्रिंश गुप्ता, जगतरण दास, प्रकाश गुप्ता, प्रांजल चौबे, अंकुश नाविक, जितेंद्र नाविक, को निर्वाचित किया गया । सीता, कल्पना नाविक, निमी रजवाड़े, प्रियंका रजवाड़े, नितिन नाविक, सुभाष पैकरा, दामोदर रजवाड़े, अरुण पैकरा, महेंद्र सिंह, प्रिंश गुप्ता, जगतरण दास, प्रकाश गुप्ता, प्रांजल चौबे, अंकुश नाविक,जितेंद्र नाविक, को निर्वाचित किया गया एवं छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया गया। अलग अलग ग्रुप द्वारा धार्मिक, देश भक्ति गानों पर नृत्य करते हुऐ भगवान राम जी का सुन्दर झांकी भी प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय से भव्य सोभा यात्रा प्रतापपुर नगर में निकाला गया इस दौरान प्रतापपुर नगर के नगर वासी एवं सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा जगह- जगह पुष्प वर्षा एवं भारत माता कि जय का उदघोष किया गया साथ ही प्रतापपुर सुरक्षा बल द्वारा शोभा यात्रा को सुरक्षा प्रदान किया गया , इस कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया ।

# क्रेडिट कार्ड का पेनाल्टी ड्यू बताकर 1 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी, आरोपी देवघर से हुआ गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

ऑनलाइन ठगी के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को झारखंड से देवघर से गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा अपने आप को बैंक अधिकारी बताकर शहर



के एक व्यक्ति के पास फोन कर क्रेडिट कार्ड का पेनल्टी ड्यू बताकर 1 लाख 380 रुपए ऑनलाइन ठगी कर लिया गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

रितेश गुप्ता पिता स्व. बंशीधर गुप्ता उम्र 40 वर्ष निवासी केदारपुर मिशन अस्पताल के पास का रहने वाला है। 23 जनवारी को अज्ञात व्यक्ति स्वयं को बैंक का अधिकारी बताकर रितेश के मोबाइल पर फोन किया था और कहा कि आपका क्रेडिट कार्ड का पेनल्टी ड्यू है। वह रितेश के मोबाइल पर आई मोबाइल ऐप डाउनलोड कराकर अलग-अलग ट्रांजेक्शन कर कुल 1 लाख 380 रुपए ऑनलाइन ठगी कर लिया था। रितेश ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में 28 जनवारी को दर्ज कराई थी। इस माले में पुलिस ने आरोपी मुन्ना कुमार सिंह पिता सुन्दर सिंह उम्र 20 निवासी ऊपर तीनघारा थाना मोहनपुर जिला देवघर झारखण्ड को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी के 50 हजार रुपए व घटना में प्रयुक्त मोबाइल को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा के लिए बतौली में विशेष आयोजन,भगवा मय हुआ नगर

» भगवा तोरण और झंडे, फ्लेक्स से सजा

» 22 जनवरी को नगर में कई आयोजन,राममय हुआ वातावरण

- संवाददाता -
बतौली (सरगुजा), 20 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बतौली में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पूरे शहर को भगवा ध्वज और तोरण से सजाया गया है। इसके लिए पिछ्ले एक सप्ताह से तैयारी जोर-शोर से चल रही है।22 जनवरी को श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं।

### भारत माता के मंदिर प्रांगण में मुख्य आयोजन

बतौली बस स्टैंड स्थित भारत माता के मंदिर प्रांगण में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया गया है। प्रातः भारत माता की आरती के बाद सामूहिक सुंदर कांड का आयोजन किया गया है। सुंदरकांड के लिए संगीतमय दल को बुलाया गया है। इसके बाद बड़े एलईडी पर प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण प्रसारित किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद नगर में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन होगा। शोभा यात्रा के बाद प्रसाद



वितरण और भंडारा का आयोजन होगा। शाम को गंगा आरती, राम ज्योति का वितरण होगा। रात्रि में संगीत मय भजन संध्या का आयोजन किया गया है।

### हनुमान मंदिर में विशेष पूजा

बतौली के बस्ती पारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में प्रातः आरती के बाद सुंदर कांड का आयोजन होगा। प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद भंडारा का आयोजन है। शाम को राम स्तुति, गंगा आरती के बाद राम ज्योति का वितरण होगा। रात्रि में जगराता का आयोजन किया गया है जिसमे ख्याति लब्ध कलाकारों का प्रस्तुति होगी।

बतौली में होने वाले कार्यक्रम और आयोजन के लिए नगर के सभी लोगों का सहयोग मिल रहा है। पूरे नगर में भगवा तोरण, ध्वज लगाए गए हैं। घरों में लाइटिंग की गई है। दिए जला कर दीपावली जैसा वातावरण निर्मित किया जाएगा। दीपावली की तरह फटाके भी लोग खरीद रहे हैं। आयोजन समिति ने सभी घरों में भगवा ध्वज वितरित किया है। नगर की सुंदरता देखते ही बन रही है। सभी तरफ उत्साह और उल्लास का वातावरण है।

बतौली में कार्यक्रम के अलावा विकासखंड के कई ग्रामों में विशेष पूजन का कार्यक्रम किया जाएगा।मंगारी, बिलासपुर, बोदा, घोघरा, बटाइकेला के साथ अन्य ग्रामों में सुंदर कांड, हनुमान चालीसा व विशेष पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# निक्की हेली को रनिंग मेट बनाने पर पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप का बयान,क्या उम्मीदों पर फिरेगा पानी ?

**वॉशिंगटन, 20 जनवरी 2024।** अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हैं। इस साल के अंत में अंतिम दौर के मतदान के बाद अमेरिका के अगले राष्ट्रपति का चुनाव होगा। ताजा घटनाक्रम में ट्रंप ने निक्की हेली को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाने के बारे में अहम बयान दिया है। उन्होंने संभावनाओं को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि एक सीनेटर के तौर पर निक्की हेली ठीक हैं, लेकिन उन्हें उपराष्ट्रपति पद का संभावित उम्मीदवार या उनका रनिंग मेट नहीं माना जा सकता। अमेरिकी चुनाव की शब्दावली में उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी को रनिंग मेट कहा जाता है।

### क्या ट्रंप ने निक्की हेली की उम्मीदों पर पानी फेरा?

ट्रंप ने कॉनकॉर्ड में एक रैली के दौरान कहा, कुछ बयान प्रत्याशियों की उम्मीदों पर पानी फेर सकते हैं, लेकिन वे झूठा दिलासा नहीं दे सकते। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी



राजदूत के रूप में सेवाएं दे चुकीं निक्की हेली के बारे में ट्रंप ने कहा, पहले मैं उन्हें प्रत्याशी बनाने से इनकार करूं और चुनाव जीतने के बाद कहूं कि उन्हें उपराष्ट्रपति बनाने पर उन्हें गर्व हो रहा है, वे ऐसा नहीं कर सकते। बता दें कि निक्की हेली रिपब्लिकन खेमे से ट्रंप की प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी बन सकती हैं। कॉकस स्तर के चुनाव में हैम्पशायर से ताल ठोक रहीं निक्की ट्रंप के बाद दूसरे नंबर पर रही हैं। इसी सीट से भारतवंशी विवेक रामास्वामी अपना नाम वापस ले चुके हैं।

### भारतवंशी उम्मीदवार ने वापस लिया अपना नाम, ट्रंप के भावी सहयोगी बनने क अटकलें

दरअसल, चुनाव से पहले कराए जा रहे सर्वे के आधार पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस रेस में आगे माने जा रहे हैं। भारतवंशी और रिपब्लिकन पार्टी के नेता विवेक रामास्वामी ने भी उनके समर्थन की घोषणा की है। 38 साल के रामास्वामी को ट्रंप के खेमे से उपराष्ट्रपति पद का संभावित उम्मीदवार माना जा रहा है। ट्रंप के बयान को इसका संकेत माना जा रहा है।



# मैं बातचीत के लिए तैयार,आम चुनाव से पहले निराशाजनक संभावनाओं के बीच इमरान खान

**इस्लामाबाद,20 जनवरी 2024।** पाकिस्तान में आम चुनावों को देखते हुए राजनीतिक दल एक दूसरे पर हमलावर हो रहे हैं। इस बीच, चुनावों से पहले बढ़ती राजनीतिक चुनौतियों के बीच पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि वह बातचीत के लिए तैयार हैं।

फिलहाल, खान कई मामलों को लेकर रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। यहां उन्होंने पत्रकारों से बात कर कहा, मैं एक राजनेता हूं। पिछले 19 महीनों से मैं कह रहा हूं कि मैं बातचीत के लिए तैयार हूं।

### इन चुनौतियों का करना पड़ा सामना

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान, जिन्हें 2022 के अप्रैल में अविश्वास प्रस्ताव में हटा दिया गया था, को आम चुनावों की अगुवाई में लगातार असफलताओं का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल मई में खान को जेल हो गई। इसका असर उनके कार्यकर्ताओं पर भी पड़ा। उनकी गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा को देखते हुए उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं को भी जेल में डालना शुरू कर दिया। इसके बाद उनके समर्थकों ने उनका साथ छोड़ना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं बाद में पार्टी का चुनाव चिह्न भी इस महीने छीन लिया गया और पार्टी-पीटीआई-नाजरियाती- जिसके साथ उसने गठबंधन की मांग की थी, वह भी अपने वादे से पीछे हट गई।

### एक कमजोर सरकार को स्वीकार गलती

देश के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य का हवाला देते हुए खान ने कहा कि नियंत्रित संसद बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।उन्होंने कहा, %मेरी सबसे बड़ी गलती एक कमजोर सरकार को स्वीकार करना था। एक कमजोर सरकार के बजाय, मुझे फिर से चुनाव कराना चाहिए था। कमजोर गठबंधन सरकार के बजाय विपक्ष में बैठना बेहतर होगा।

### केवल मजबूत सरकार ही...

पीटीआई संस्थापक ने एक सवाल के जवाब में कहा कि त्रिशंकु संसद या कमजोर सरकार देश के सामने मौजूद आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि सुधार केवल मजबूत सरकार ही कर सकती है।

### प्रतिद्वंद्वियों ने शुरू किए देशव्यापी अभियान

मुश्किलों में घिरी पीटीआई को जहां कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, वहीं उसके प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पहले ही देशव्यापी अभियान शुरू कर दिया है और राष्ट्रीय और प्रांतीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए टिकट बांट दिए हैं।

# स्कूल हॉस्टल में लगी भीषण आग,13 लोगों की दर्दनाक मौत, मचा हड़कंप

**बीजिंग ,20 जनवरी 2023।** चीन के हेनान प्रांत में एक स्कूल हॉस्टल में आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 1 अन्य घायल हो गया है। हेनान के यानशानपु गांव में यिंगकाई स्कूल में आग लगने की सूचना स्थानीय अग्निशमन विभाग को बीती रात 11 बजे दी गई। बचावकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और रात 11.38 बजे आग बुझा दी गई। जानकारी के मुताबिक, 13 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया है। इस मामले में स्कूल प्रमुख को हिरासत में ले लिया गया है। ढीले सुरक्षा मानकों के कारण चीन में घातक आग लगना आम बात है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और नेतन्याहू के बीच चर्चा,दो राष्ट्र समाधान पर हुई खुलकर बातचीत

**वाशिंगटन,20जनवरी 2024।** पिछले साल सात अक्तूबर को शुरू हुई हमास-इस्राइल के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। इसी बीच, इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने बात की। इस दौरान दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच दो-राष्ट्र सिद्धांत पर चर्चा हुई। साथ ही गाजा में बनाए सभी बंधकों को जल्द रिहा करने के प्रयास पर भी चर्चाएं की गई। गौरतलब है कि इस्राइल द्वारा दो राज्य समाधान को नकारने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति की नाराजगी के बीच दोनों नेताओं के फोन पर बात की।

### नागरिक क्षति कम करने और लोगों की रक्षा करने पर जोर



बाइडन और नेतन्याहू ने गाजा में चल रही सैन्य कार्रवाई की समीक्षा की, साथ ही गाजा में मानवीय सहायता को बढ़ाने पर की बात की। इस दौरान व्हाइट हाउस ने अपने एक बयान में हमास पर सैन्य दवाब बनाए रखने की वकालत की। साथ ही फलस्तीनी लोगों के लिए अशदोद बंदरगाह के जरिए आटे की शिपमेंट की अनुमति देने पर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने इस्राइल की तारीफ की। बाइडन ने इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को नागरिक क्षति को कम करने और निर्दोष लोगों की रक्षा करने पर जोर दिया। गौरतलब है कि सात अक्तूबर को गाजा के हमास आतंकी संगठन ने इस्राइल पर पांच हजार रॉकेट दागे थे, जिसके बाद इस्राइल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गाजा स्थित आतंकी संगठनों पर जमकर हमले किए।

### दो-राष्ट्र सिद्धांत पर इस्राइल और अमेरिका के बीच चर्चा

नेतन्याहू और बाइडन ने चर्चा के दौरान इस्राइल में शांति और सुरक्षा के लिए अपने दृष्टिकोणों को साझा किया। इस दौरान द्वि-राष्ट्र सिद्धांत पर दोनों नेताओं ने चर्चा भी की। हाल में नेतन्याहू ने फलस्तीन राज्य के निर्माण के विचार को सिरे से नकार दिया, जिसके चलते बाइडन और नेतन्याहू के बीच हुई इस चर्चा को बेहद अहम माना जा रहा है। गौरतलब है कि हमास-इस्राइल के बीच युद्ध संघर्ष विराम से हटकर अमेरिका ने इस्राइली कार्रवाई का समर्थन किया है, हालांकि बाइडन को अपनी ही डेमोक्रेट्स सांसदों की बढ़ते दबावों को झेलना पड़ रहा है।

# अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर फिर किया हमला,तीन एंटी-शिप मिसाइलें तबाह

**वॉशिंगटन,20 जनवरी 2024 ।** अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ एक बार फिर हवाई हमला किया है। अमेरिका के ताजा हमले में लाल सागर में हूती समूह की तीन एंटी-शिप मिसाइलें नष्ट हो गई हैं। वॉशिंगटन में व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि लाल सागर में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी सेना ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सेना ने यमन में हूती ठिकानों पर तीन सफल हमले किए।

यूएस सेंट्रल कमांड ने बताया कि हमला शुक्रवार शाम करीब 6:45 बजे किया गया, जब एंटी-शिप मिसाइलों ने क्षेत्र में व्यापारी जहाजों और अमेरिकी नौसेना के जहाजों को खतरा पेश किया। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि नौवहन की रक्षा करने और समुद्री जहाजों पर हमलों को रोकने के लिए चल रहे प्रयासों के तहत अमेरिकी नौसेना के जहाज लाल सागर में मौजूद हैं। 19 जनवरी को लगभग शाम



6:45 बजे (सना के समयानुसार) यूएस सेंट्रल कमांड बलों ने तीन हूती एंटी-शिप मिसाइलों पर हमले किए, जो लॉन्च करने के लिए तैयार थे।

पोस्ट में आगे कहा है कि अमेरिकी बलों ने यमन के हूती-नियंत्रित क्षेत्रों में मिसाइलों की पहचान की और निर्धारित किया कि वे क्षेत्र में व्यापारी जहाजों और अमेरिकी नौसेना के जहाजों के लिए खतरा बन सकती हैं। बाद में अमेरिकी सेना ने आत्मरक्षा में मिसाइलों पर हमला किया और उन्हें नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई अमेरिकी नौसेना के जहाजों और व्यापारिक जहाजों के लिए जल क्षेत्र को सुरक्षित बनाएगी।

### हूतियों ने दागी थीं मिसाइलें

इससे पहले, अमेरिकी मध्य कमांड ने कहा था कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के केम रेंजर जहाज पर दो एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। हालांकि इससे किसी को चोट या क्षति नहीं पहुंची। इसके बाद अमेरिका ने भी सप्ताह में हूती ठिकानों को निशाना बनाया था। इस्राइली हमलों के खिलाफ फलस्तीन के समर्थन में हूतियों के हमलों से लाल सागर होते हुए दुनिया में कई हिस्सों में माल की आवाजाही रुक गई है। अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाने वाली मिसाइलें दक्षिण लाल सागर में लक्षित की गई थीं। इस बीच, बाइडन ने कहा कि जहाजों पर हमले नहीं रुके तो अमेरिका हूती विद्रोहियों के विरुद्ध अपनी कार्रवाई जारी रखेगा।

# अगर फिर मूर्ख बना तो मुझे खुद पर शर्म...,नवाज शरीफ के साथ गठबंधन की खबरों पर बिलावल

**इस्लामाबाद,20 जनवरी 2024।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होने हैं। ऐसे में पक्ष-विपक्ष सब अपना प्रचार कर रहे हैं। हालांकि इस बीच, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने शुक्रवार को आम चुनावों के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के साथ गठबंधन की किसी भी संभावना से इनकार कर दिया है।



### पीपीपी हो रही हमलावर

विशेष रूप से, पीपीपी और पीएमएल-एन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) की 16 महीने की सरकार में प्रमुख भागीदार थे, जिसका गठन अप्रैल 2022 में इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सरकार को उखाड़ फेंकने के बाद किया गया था। हालांकि,जैसे-जैसे आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, पीपीपी अपने पूर्व गठबंधन सहयोगियों के खिलाफ उग्र हो गई है। वह पीएमएल (एन) को बढ़ती महंगाई और अल्पकालिक सरकार में आर्थिक कुप्रबंधन के लिए दोषी ठहरा रही है।

### अगर फिर मूर्ख बना...

एमएल-एन के साथ एक साक्षात्कार में गठबंधन के बारे में पूछे जाने पर, बिलावल ने कहा, आपको किसने बताया कि पीपीपी उनके (पीएमएल-एन) साथ गठबंधन सरकार बनाएगी? मैंने पहले भी कहा है- मुझे एक बार मूर्ख बनाया तो आप शर्म करें, अगर मैं दोबारा मूर्ख बना तो मुझे खुद पर शर्म आनी चाहिए।

### पहले की तरह अच्छी स्थिति नहीं

बिलावल ने कहा, अगर वे सरकार बनाने को लेकर पीपीपी पर भरोसा कर रहे हैं तो यह उनके लिए मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि पीएमएल-एन पंजाब में पहले की तरह अच्छी स्थिति में नहीं है।

### शरीफ के चौथी बार प्रधानमंत्री बनने के खिलाफ

पीपीपी नेता ने कहा कि विभिन्न धाराओं के लोग पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ के चौथी बार प्रधानमंत्री बनने के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सरकार बनाने और प्रधानमंत्री चुनने के लिए निर्दलीय उम्मीदवारों को अपने पाले में लाएगी। पीडीएम के कार्यकाल को याद करते हुए पीपीपी प्रमुख ने पीएमएल-एन पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ की गई प्रतिबद्धताओं का पालन नहीं करने का आरोप लगाया, जिसने देश को दांव पर लगा दिया।

## संघर्ष बढ़ा तो उनकी खैर नहीं...

# लेबनान के गांवों पर हमलों के बीच हिज्बुल्लाह की इस्राइल को धमकी

**बेरूत,20 जनवरी 2024 ।** इस्राइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध पर हिज्बुल्लाह ने इस्राइल को कड़ी चेतावनी दी है। लेबनान के ईरान समर्थित आतंकी समूह के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि अगर युद्ध का विस्तार लेबनान सीमा तक हुआ तो इस्राइल को इसका गंभीर खामियाजा भुगतना पड़ेगा। गौरतलब है कि पिछले साल सात अक्तूबर को दक्षिणी इस्राइल पर हमास के हमले के दौरान इस्राइल और हिज्बुल्लाह के बीच सीमा पर भी जमकर गोलीबारी हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, इस्राइल से सटे सीमावर्ती गावों पर भी बमबारी की थी। लेबनान में हिंसा में कम से कम 142 हिज्बुल्लाह आतंकी समेत 195 से अधिक लोगों ने जान गंवाई थी।



### संघर्ष बढ़ा, तो समझो इस्राइल की खैर नहीं-हिज्बुल्लाह

हिज्बुल्लाह के नईम कासिम ने इस्राइल को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस्राइल संघर्ष बढ़ाने का फैसला करता है तो उसे करारा जवाब मिलेगा और चेहरे पर एक असली तमाचा मिलेगा। लेबनान सीमा पर स्थिरता की बहाली गाजा में आक्रामकता के खात्मे पर निर्भर है। साथ ही कहा कि दुश्मन को पता होना चाहिए कि हम तैयार बैठें हैं। आक्रमण की आशंका के बीच हम तैयार हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि इस्राइल-लेबनान सीमा के पास एक गांव केफर किला में इस्राइली वायुसेना ने चार घरों को निशाना बनाया। इस्राइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने केफ़र किला में हिज़्बुल्लाह निगरानी चौकियों और आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ हवाई हमले किए और तोपखाने और टैंक से गोलाबारी की।


### इस्राइली हमलों ने कोई हताहत नहीं-हिज्बुल्लाह

वहीं केफर के मेयर हसन चिटे ने कहा कि संयोग से जब इस्राइली वायु सेना ने हमले में तबाह हुए घरों में कोई नहीं था। शुक्रवार को हिज्बुल्लाह ने तीन हमलों का दावा किया, जिसमें कई घर तबाह होने की बात क ही गई थी। बुधवार को इस्राइली सेना प्रमुख हरजी हलेवी ने कहा कि आने वाले महीनों में इस्राइल-हिज्बुल्लाह के बीच तनाव बढ़ने के आसार हैं।

# जापान ने रचा इतिहास,चांद पर उतारा अंतरिक्ष यान,पर लैंडिंग के बाद आई ये बड़ी गड़बड़ी

**टोक्यो, 20 जनवरी 2024।** भारत के बाद अब जापान ने मून मिशन को लेकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जापान ने चांद पर अंतरिक्ष यान की सफल लैंडिंग कर इतिहास रच दिया है। जापनी अंतरिक्ष एजेंसी ने पुष्टि की है कि उसके मून स्नाइपर रोबोटिक एक्सप्लोरर ने सफलतापूर्वक चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग की। इसके बाद अमेरिका, रूस, चीन और भारत के बाद जापान यह उपलब्धि हासिल करने वाला पांचवां देश बन गया है।

हालांकि जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने आशंका जताई है कि उसका चांद मिशन समय से पहले काम करना बंद कर सकता है क्योंकि अंतरिक्ष यान का सौर सेल बिजली पैदा नहीं कर रहा है। एजेंसी ने कहा है कि उसे लैंडर से सिग्नल मिल रहा है, जो उम्मीद के मुताबिक संचार कर रहा है। JAX के अधिकारियों ने बताया कि अभी लैंडर सीमित बैटरी पावर पर काम कर रहा है, जिसके केवल सीमित घंटों तक चलने की उम्मीद है। JAX टीम सौर सेल समस्या का कारण और लैंडर के लिए अगले कदम निर्धारित करने के लिए डाटा का विश्लेषण कर रही है। उन्होंने कहा कि सौर सेल की समस्या इसलिए हो सकती है क्योंकि अंतरिक्ष यान पूर्व निर्धारित दिशा में नहीं जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जापानी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को अभी भी उम्मीद है कि चंद्रमा पर सौर कोण बदलने के बाद सौर सेल फिर से चार्ज करने में सक्षम हो सकता है, लेकिन इसमें कुछ समय लग सकता है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि एसएलआईएम भीषण ठंडी चंद्र रात में जीवित रह सकता है या नहीं। एजेंसी का मानना है कि SLIM मिशन सफल रहा, क्योंकि इसने पूर्व निर्धारित सभी मानदंडों को पूरा किया है। अंतरिक्ष यान ने ऑप्टिकल नेविगेशन का उपयोग करके चंद्रमा पर सटीक और सॉफ्ट लैंडिंग की। JAX के महानिदेशक डॉ. हितोशी कुनिनाका ने मिशन की सफलता के लिए 100 में से 60 अंक दिए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जापानी अंतरिक्ष एजेंसी का स्मार्ट लैंडर मिशन शुक्रवार सुबह 10:20 बजे (स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:20 बजे) चंद्रमा की सतह पर उतरा। यह मानवरहित अंतरिक्ष यान है।



अंतरिक्ष यान के चांद की सतह पर उतरने के फौरन बाद एजेंसी के मिशन नियंत्रण कक्ष ने बताया कि सब कुछ योजना के अनुसार हुआ और एसएलआईएम लैंडर चंद्रमा की सतह पर उतर गया है। हम चांद पर लैंडर की सही स्थिति की जांच कर रहे हैं।

# सत्ता से बेदखल होते ही कांग्रेस में गुटबाजी का दौर हुआ शुरू,युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने दो अलग-अलग जगह किया पार्टी का निर्धारित कार्यक्रम...क्यों?

### रोजगार दो न्याय दो अभियान की थी आज शुरुआत,कोरिया जिले में हुआ दो अलग-अलग जगह युवक कांग्रेस का कार्यक्रम

### जिलाध्यक्ष युवक कांग्रेस ने अलग किया कार्यक्रम वहीं उपाध्यक्ष ने राजीव भवन में वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ किया रोजगार दो न्याय दो पोस्टर का विमोचन






-रवि सिंह-
कोरिया,20 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

कांग्रेस सत्ता से बेदखल हुई फिर भी पार्टी के अंदर गुटबाजी समाप्त होने की का नाम नहीं ले रही है। गुटबाजी का पहला मामला कोरिया जिले से समाने आया है जहां प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर युवक कांग्रेस जिला इकाइयों को रोजगार दो न्याय दो पोस्टर का विमोचन करना था जो विमोचन कार्यक्रम जिले में दो अलग अलग जगहों पर हुआ जहां युवक कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता भी असमंजस में नजर आए की कहां जाएं कहां न जाएं। एक कार्यक्रम युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में छिंदडांड में संपन्न हुआ वहीं दूसरा कार्यक्रम राजीव भवन में संपन्न हुआ। दोनों ही जगह आयोजनकर्ताओं ने अपने अपने गुट के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया और प्रदेश नेतृत्व के आहवान को सफल बनाने का प्रयास किया। कोरिया जिला देखा जाए तो अब अत्यंत छोटा जिला है विभाजन के बाद वहीं छोटे से जिले में युवक कांग्रेस में दिखी ऐसी गुटबाजी साबित करती है की कांग्रेस का सत्ता से बेदखल होना मात्र संयोग नहीं था यह गुटबाजी का ही नतीजा था जिसकी वजह से कांग्रेस पांच साल में ही प्रदेश की सत्ता से बेदखल हो गई।

### पहला गुट का कार्यक्रम राजीव भवन में हुआ जहां रोजगार दो न्याय दो पोस्टर का हुआ विमोचन

पहले गुट के द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार कोरिया जिला युवा कांग्रेस के द्वारा आज राजीव भवन बैकुंठपुर में रोजगार दो न्याय दो का पोस्टर विमोचन किया गया। इस दौरान नवनियुक्त युवा कांग्रेस कार्यकारणी जिलाध्यक्ष सुमन दुबे ने कहा छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देश पर युवा कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में 'न्याय दो रोजगार दो' अभियान शुरू किया गया है,इस अभियान में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता द्वारा घर-घर पहुंचकर 'न्याय दो रोजगार दो' अभियान के तहत मिस कॉल करवाया जाएगा। एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष फरोग सिद्दीकी ने कहा की इस अभियान से हम जिले के समस्त कॉलेज में जाएंगे और अध्यनरत छात्रों को देश में भीसड़ बेरोजगारी,सरकार की प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरी का जुमला के मुद्दे को उठाएंगे और वर्तमान की केन्द्र सरकार की विफलता को जनता के समक्ष रखा जाएगा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा में छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। इस गुट में इस कार्यक्रम के दौरान पुर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष नजीर अजहर,वर्तमान कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,नगरपालिका उपाध्यक्ष आशीष यादव,वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष डबरे, प्रवीण भट्टाचार्य, शाकिब इराकी, मोनू माँझी, विक्रांत सिंह, पार्षद अंकित गुप्ता, बैकुण्ठपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रायजुद्दीन,युवा कांग्रेस महासचिव लवकुश साहू, छविलाल, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आशु कुजूर, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष फरोग सिद्दीकी, वसीम खान एवं सभी जिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के साथी मौजूद थे।

### गुटबाजी से एक बात और साबित हो गई की कोरिया में कांग्रेस लोकसभा चुनाव को लेकर भी गंभीर नहीं है?

कोरिया जिले में युवक कांग्रेस की गुटबाजी जो सामने आई उसमे यह भी देखने को मिला की राजीव भवन के कार्यक्रम में जहां वरिष्ठ कांग्रेसी भी पहुंचे वहीं जो कार्यक्रम अन्य जगह आयोजित हुआ वहां केवल जिलाध्यक्ष सहित कुछ अन्य युवक कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता ही शामिल हुए वरिष्ठ कांग्रेसियों ने उक्त कार्यक्रम से दूरी ही बना ली थी। युवक कांग्रेस की गुटबाजी से एक बात और साबित हो गई की फिलहाल कोरिया जिले में कांग्रेस लोकसभा चुनाव को लेकर भी गंभीर नहीं है वहीं लोकसभा चुनाव जबकि करीब है और पोस्टर विमोचन भी लोकसभा में मजबूत उपस्थिति के लिए आयोजित था। जिले में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में परिमाण कांग्रेस के लिए जिस कदर निराशाजनक देखने को मिला उसके बाद कांग्रेस में इस तरह की गुटबाजी देखने को मिलनी नहीं चाहिए थी क्योंकि यह पार्टी के लिए अच्छा संकेत नहीं है फिर भी बड़ी हार के बाद गुटबाजी जारी है और जो समाप्त कब होगी कहना मुश्किल है।

### कोरिया जिले में जिलाध्यक्ष युवक कांग्रेस का गुट अलग ही राह चल रहा

कोरिया जिले में जिलाध्यक्ष युवक कांग्रेस का गुट अलग ही राह चल रहा है वहीं एक उपाध्यक्ष का अपना अलग ही गुट है बताया जाता है की जिलाध्यक्ष युवक कांग्रेस कोरिया का गुट पूर्व विधायक विरोधी गुट है वहीं एक उपाध्यक्ष युवक कांग्रेस कोरिया पूर्व विधायक के करीबी हैं और यह गुटबाजी कुल मिलाकर पूर्व विधायक के कार्यकाल से ही जारी गुटबाजी है जिसे पूर्व विधायक खुद विधायक रहते हुए खूब हवा देती रहीं हैं और उसी का परिणाम है जो आज एक ही पार्टी का एक ही कार्यक्रम दो अलग अलग जगहों पर संपन्न हुआ। पूर्व विधायक के विधायक रहने के दौरान के कार्यकाल में पूरे कार्यकाल गुटबाजी हावी रही और जो उनकी बड़ी हार की वजह भी बनी वहीं अब हार के बाद भी गुटबाजी जारी है जो पार्टी के लिए अहितकारी है। वैसे गुटबाजी की वजह यह भी है की नियमानुसार चुनकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राम सजीला यादव हैं वहीं पूर्व विधायक ने अपने करीबी को जो उपाध्यक्ष हैं निर्वाचन के दौरान उन्हे कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया है जो जिलाध्यक्ष को नागवार गुजर रहा है।

### दुसरे गुट का कार्यक्रम जिलाध्यक्ष रामसजीला यादव के द्वारा कलेक्ट्रेड स्थित कार्यालय में किया गया

इस दौरान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामसजिला यादव ने अपना कार्यक्रम दुसरे स्थान पर किया जहा युवा कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में 'न्याय दो रोजगार दो' अभियान शुरू किया गया है, इस अभियान में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता द्वारा घर-घर पहुंचकर न्याय दो रोजगार दो अभियान के तहत फार्म भरवारा जाएगा इसके माध्यम से हम लोगों से संपर्क कर बेरोजगारी के मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाएंगे डोर टू डोर केपियन के दौरान प्रदेश में पूर्व कांग्रेस की सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियां को बताएंगे। इसके अतिरिक्त युवा कांग्रेस भारत जोड़ो नया यात्रा में युवाओं के सहभागिता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया पर भी यह अभियान चलाएंगे। युवा कांग्रेस जिला महासचिव नागेश्वर यादव ने कहा का की राहुल गांधी की न्याय यात्रा मार्च के पहले सप्ताह में प्रदेश में प्रवेश करने की उम्मीद है,और यह यात्रा 14 जनवरी रविवार को मणिपुर से शुरू हो चुकी है। इस गुट के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामसजिला यादव,जिला उपाध्यक्ष सुजीत सोनी, जिला उपाध्यक्ष संतोष सूर्यवंशी, जिला महासचिव नागेश्वर यादव, जिला महासचिव लवकुश साहू,,छवि शंकर सिरदार,खेलसाय विश्वकर्मा प्रज्ञानंद साहू, मोहन यादव, तरुण सिंह, शुभम तिवारी, विजय चक्रधारी इत्यादि लोग मौजूद थे।

## 22 को शहर में होगा धार्मिक आयोजन,बाईक रैली भी होगी

### 11 हजार दीप किए जायेंगे प्रज्जवलित...

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,20 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बैकुंठपुर शहर में भी सुबह से देर रात तक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है,शहर के सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा इसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है,इस दिन बाईक रैली के साथ शोभायात्रा का आयोजन भी किया गया है,शहर में धार्मिक वातावरण का माहौल देखा जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए देवराहा बाबा सेवा समिति एवम सनातन धर्म प्रेमि कोरिया समीति ने बतलाया कि 22 जनवरी सोमवार को देश भर में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं,इसी कड़ी में बैकुंठपुर शहर को भी भगवामय किया गया है,प्रमुख मार्गो के विद्युत पोल एवं चौक चौराहों में विशेष सजावट किया गया है। आयोजको ने बतलाया कि रविवार से ही प्रेमाबाग परिसर में संगीतमय मानस पाठ एवं भजन का कार्यक्रम शुरू होगा। 22 जनवरी सोमवार को प्रातः 10 बजे मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो कि प्रमुख मार्गों से भ्रमण कर पुनः मंदिर परिसर में समाप्त होगी। शोभायात्रा पश्चात मंदिर परिसर में अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। शाम को 11 हजार दीप प्रज्वलन किए जाएंगे एवं महाआरती रात्रि 8 बजे से भजन संध्या बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा एवम भंडारा का अयोजन किया जाएगा। आयोजको द्वारा सम्पूर्ण कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है,साथ ही मंदिर परिसर को भी आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। आयोजन समिति ने समस्त सनातन धर्मप्रेमियों से आयोजन में अपनी सहभागिता निभाने का आह्वान किया है, शोभायात्रा नियत समय पर प्रारंभ होगी इसके लिए बाईक चालको को भी समय पर आने का आह्वान किया गया है।

## नगर पालिका उपाध्यक्ष आशीष यादव द्वारा कराया गया श्री राम त्रिमार्ग का निर्माण

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,20 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



जहां एक ओर पूरा देश प्रभु श्री राममय हो चुका है। 500 वर्षो की अथक प्रतिक्षा के बाद प्रभु श्री राम अयोध्या में निर्मित श्री राम मंदिर में विराजने वाले हैं। इस अवसर पर सनातन धर्म प्रेमियों का उत्साह और उल्लास देखते ही बन रहा है। जिस तारतम्य में नगर पालिका बैकुंठपुर के उपाध्यक्ष पद पर आसीन आशीष यादव उर्फ लल्ला ने परियोजना कॉलोनी बैकुंठपुर में श्री राम त्रिमार्ग का निर्माण कराया है, जिसमें प्रतीक के रूप में गदे एवं धनुष की प्रतिकृति निर्मित कराई गई है। यहां पर तीन मार्ग है जिस वजह से उसका नाम श्री राम त्रिमार्ग रखा गया है, जिसका 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार को अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा होना है, उसी दिन नगर पालिका उपाध्यक्ष आशीष यादव द्वारा निर्मित कराए गए श्री राम त्रिमार्ग का भी अनावरण किया जाना है। नगर पालिका परिवार बैकुंठपुर की ओर से प्रेषित निमंत्रण पत्र के अनुसार श्री राम त्रिमार्ग का पूजन दोपहर 12ः00 बजे से होना है। दोपहर 2ः00 बजे शोभा यात्रा का स्वागत, स्वयं 4ः00 बजे रंगोली, शाम 5ः00 बजे से दीप प्रज्वलन, तत्पश्चात प्रभु श्री राम जी की आरती और अंत में भोग भंडारा का कार्यक्रम रखा गया है। नगर पालिका उपाध्यक्ष आशीष यादव ने बताया कि अयोध्या में निर्मित भव्य श्री राम मंदिर के निर्माण से सभी सनातन धर्म प्रेमी उत्साहित हैं। और इसी प्रेरणा स्वरूप श्री राम त्रिमार्ग का निर्माण कराया गया है।

# कोरिया के लगभग 320 पुलिसकर्मियों में से क्या एक प्रधान आरक्षक ही है सबसे योग्य...जिसके बिना पहुंचे किसी भी थाने में नहीं सुलझता कोई मामला?



### प्रधान आरक्षक इतने योग्य हैं की सुराग वाले मामले को तो सुलझा लेते हैं जो कोई भी सुलझा सकता है पर बिना सुराग वाले मामले क्यों अब तक अनसुलझे हैं?

### प्रधान आरक्षक क्या किसी सुपर टीम का हिस्सा...जिस वजह से उनका हर थाना क्षेत्र की उपलब्धि वाले मामले से उनकी कड़ी जुड़ जाती है?

### पटना थाना क्षेत्र की कई चोरियों के मामले आज भी अनसुलझे हैं आखिर उसे क्यों नहीं सुलझा पाई इस प्रधान आरक्षक के सहारे कोरिया पुलिस?

### क्या सुपर कॉप प्रधान आरक्षक हर अधिकारियों के आंख के तारे हैं...जिन पर सभी की विशेष मेहरबानी रहती है

### 300 से अधिक कर्मचारी वाले जिले में एक प्रधान आरक्षक ही सुर्खियों में क्यों रहते हैं?






-रवि सिंह-
कोरिया,20 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले में 300 से अधिक पुलिसकर्मी हैं और चार थाने वाले कोरिया जिले में जिला विभाजन से पहले 12 थाने थे और तकरीबन 1000 से अधिक पुलिस कर्मी थे अविभाजित जिले में, उस समय भी एक प्रधान आरक्षक जिसका सुपर कॉप का नाम पड़ चुका है वह सुर्खियों में रहते थे सुर्खियों की वजह उनकी अच्छी कार्यप्रणाली नहीं रही है, पुलिस के लिए छवि खराब करने वाले पुलिसकर्मी की कार्यप्रणाली कैसी होती है इसका सबूत खुद ब खुद शिकायतों के तौर पर पुलिस के पास कई पड़ी होगी, कई बार तो कार्यवाही होते-होते प्रधान आरक्षक किसी ऊंची पकड़ की वजह से बच भी निकले और कई मामलों में तो जांच को इन्होंने प्रभावित कर दिया...जिस दिन भी कोई ईमानदार व स्वच्छ छवि वाला अधिकारी आ गया और जांच कर ली तो कार्यवाही भी हो सकती है पर ऐसा कब होगा इसका तो पता नहीं, क्योंकि इनके पास एक खूबी इतनी अच्छी है कि किसी भी अधिकारी को अपने प्रभाव में कर लेते हैं...कुछ अधिकारी तो इन्हें कमाऊ समझकर साथ रखते हैं जिसका फायदा यह बखूबी उठाते हैं। वैसे कई अधिकारी इन्हें काफी होनहार मानते हैं उनका यह मानना है की काफी तेज कर्मचारी है कोई भी मामला सुलझा देते हैं पर इस भरोसे के साथ कई ऐसे मामले भी हैं जिसे यह प्रधान आरक्षक सुलझाने के बजाय पुलिस विभाग को ही कटघरे में खड़ा कर देते हैं और पुलिस को छवि पर दाग लगा देते हैं। अधिकारियों से एक सवाल है वह सवाल यह है कि आपके पास 300 से अधिक कर्मचारी है पर क्या एक ही ऐसा प्रधान आरक्षक है जो काफी विशेष है जो कोई भी बड़े से बड़े मामला सुलझा सकता है? पर यदि ऐसा है तो कई ऐसे चोरी के मामले पिछले 1 साल में हुए जो आज भी नहीं सुलझा पाए, उन मामलों को क्या इस प्रधान आरक्षक को नहीं दिया गया जो उसे सुलझा सके? या फिर इस प्रधान आरक्षक को वही मामला दिया जाता है जो सुलझे सुलझाए रहते हैं, बस उसका नाम वहां पर रखकर इसकी उपलब्धि उन्हे दिलाई जा सकती है? पदस्थ कहीं रहते हैं पर इनका हस्तक्षेप हर थाना क्षेत्र की उपलब्धियां में जुड़ जाता है, आखिर ऐसा क्यों? क्या बाकी थाना क्षेत्र के कर्मचारियों पर अधिकारियों का भरोसा नहीं या फिर वह कर्मचारी कोई भी मामला सुलझाने की क्षमता नहीं रखते?

### शिकायत और मामलों के बावजूद प्रधान आरक्षक पर अधिकारी रहते हैं मेहरबान

प्रधान आरक्षक की कई शिकायतें हैं वहीं मामले भी प्रधान आरक्षक पर हैं जिससे वह प्रभाव के कारण बचे हुए हैं। प्रधान आरक्षक पर शिकायतों व मामलों के बावजूद अधिकारी क्यों मेहरबान हैं यह बड़ा सवाल है। कई शिकायतें जिले में होते हुए भी हर मामले में इन्हे भेजना जोड़ना यह दर्शाता है की यह कितने जुगाड़ू हैं। विभाग के अधिकारियों पर कितनी पकड़ है इनकी। कई मामले यह जिले में रहकर ही अपने ऊपर के दबाए बैठे हैं जिनमे जांच हो तो शायद यह दोषी भी साबित हो जाएं।

### क्या एक प्रधान आरक्षक के चक्कर में 300 से अधिक पुलिसकर्मियों को नीचा दिखाने का प्रयास?

कोरिया जिले में कुल चार पुलिस थाने हैं वहीं यहां कुल दो पुलिस सहायता केंद्र हैं जिले में कानून व्यवस्था सम्हालने के लिए लगभग 320 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं, जिले में 3320 पुलिसकर्मियों के कार्यरत होने के बावजूद हर पुलिस थाने में एक प्रधान आरक्षक की ही धमक है, कोई भी मामला हो जहां श्रेय की बात आती है कार्यकुशलता की बड़ाई की बात आती है केवल एक प्रधान आरक्षक का नाम शामिल कर दिया जाता है और उसे श्रेय देना अधिकारी नहीं भूलते। प्रधान आरक्षक की हर मामले में हर पुलिस थाने में दखल और उपलब्धियों में हिस्सेदारी देखकर यही कहा जा सकता है की क्या अन्य किसी पर विभाग को विश्वास नहीं है क्या अन्य को एक प्रधान आरक्षक के मुकाबले कमत्तर मानते हैं जिले के आला अधिकारी?

### सिर्फ एक प्रधान आरक्षक के चक्कर में सारे पुलिसकर्मियों का मनोबल क्यों तोड़ने का प्रयास?

जिले में एक प्रधान आरक्षक को इतनी छूट दी गई है की वह बिना वर्दी कहीं भी दिख जायेंगे,किसी भी पुलिस थाने में उन्हे जाकर हस्तक्षेप का अधिकार है, उन्हे हर उपलब्धि में जोड़ना एक नियम बन चुका है। पदस्थ जहां हैं वहां छोड़कर दिनभर इन्हे घूमते ही देखा जा सकता है। प्रधान आरक्षक के कारण जिले के पुलिसकर्मियों का मनोबल भी टूट रहा है क्योंकि सभी को उनके निर्देश पर काम करना पड़ रहा है। अब सवाल यह है की एक प्रधान आरक्षक के कारण क्यों जिले के 320 पुलिसकर्मियों का मनोबल तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### एक नशे के विरुद्ध कार्यवाही में उन्हें उपलब्धि में जोड़ फिर पुलिस सवालों के घेरे में ?

पटना थाना के अंतर्गत एक नशे के विरुद्ध कार्यवाही की गई उस कार्यवाही में एक प्रधान आरक्षक की उपलब्धि भी जोड़ी गई जबकि यह प्रधान आरक्षक जो उस थाना क्षेत्र में पदस्थ भी नहीं है बताया जाता है कि यह अभी रक्षित केंद्र में पदस्थ है, इसके बावजूद दूसरे थाना क्षेत्र की कार्यवाही में जाकर नाम जुड़वा लेना और उसे अपनी उपलब्धि साबित करना कहीं ना कहीं बाकी पुलिसकर्मियों के लिए उनका मनोबल तोड़ने जैसा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि लगातार इनका पटना थाना क्षेत्र में आना जाना लगा रहता है अब इसकी वजह जो भी हो अब यह किस सुपर टीम के सदस्य हैं जिनका हर थाना क्षेत्र में दखल रहता है यह तो वही अधिकारी जाने जो इन्हें अपने आंखों का तारा बना रखे हैं।

# आईपीएल ने स्पॉन्सरशिप के रिकॉर्ड तोड़े

» टाटा समूह ने 2024-28 के लिए स्पॉन्सरशिप अधिकार हासिल किए...

» टाटा ने फिर खरीदे आईपीएल के टाइटल राइट्स

» 2028 तक टूर्नामेंट को स्पॉन्सर करेगा...

» एक सीजन के लिए 500 करोड़ देगा...



**नई दिल्ली,20 जनवरी 2024।** टाटा कंपनी ने एक बार फिर इंडियन प्रीमियर लीग के टाइटल राइट्स खरीद लिए। 5 साल के राइट्स कंपनी ने 2500 करोड़ रुपए में खरीदे, यानी एक आईपीएल सीजन के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को टाइटल स्पॉन्सर से 500 करोड़ रुपए मिलेंगे। इससे पहले भी टाटा के पास ही आईपीएल के टाइटल राइट्स थे। कंपनी ने 2022 में 730 करोड़ रुपए देकर 2023 तक के लिए राइट्स खरीदे थे।

### आदित्य बिड़ला ग्रूप ने भी 2500 करोड़ की बोली लगाई

बीसीसीआई से टेंडर डॉक्यूमेंट खरीदने के बाद कंपनियों ने बोली लगाई। इसमें आदित्य बिड़ला ग्रूप ने 2500 करोड़ रुपए की बोली लगाई। बीसीसीआई ने फिर पिछले स्पॉन्सर टाटा से पूछा कि क्या वे भी इतनी बोली लगाने को तैयार है। टाटा ग्रुप ने भी 2500 करोड़ की बोली लगाई और स्पॉन्सरशिप उन्हें मिल गई।

### एक महीने पहले टेंडर जारी किया था

बीसीसीआई ने एक महीने पहले आईपीएल के टाइटल राइट्स बेचने के लिए टेंडर जारी किया था। राइट्स खरीदने में इंटरेस्टेड कंपनियों को बीसीसीआई से 5 लाख रुपए का टेंडर डॉक्यूमेंट खरीदना था। जिसकी आखिरी तारीख 8 जनवरी थी। डॉक्यूमेंट खरीदने के बाद कंपनियों को पेमेंट डिटेल्स भेजना था।

### चाइनीज कंपनियां स्पॉन्सर नहीं कर सकतीं

बीसीसीआई ने अपने टेंडर डॉक्यूमेंट में ही साफ कर दिया था कि चीन की कंपनियां स्पॉन्सरशिप में बोली नहीं लगा सकतीं। भारत और चीन के बीच बॉर्डर और राजनीतिक विवाद के कारण बीसीसीआई ने चाइनीज कंपनियों से स्पॉन्सरशिप नहीं लेने का फैसला किया। इससे पहले 2021 में चीन की टेक कंपनी वीवो ही आईपीएलकी टाइटल स्पॉन्सर रही थी।

### डीएलएफ सबसे पहली स्पॉन्सर कंपनी

इस समय आईपीएल का टाइटल स्पॉन्सर टाटा है। यानी आईपीएल को सिर्फ आईपीएल नहीं, टाटा आईपीएल कहा जाएगा। मतलब लीग के नाम से पहले ब्रांड का नाम। जैसे 2008 में डीएलएफ आईपीएल कहा जाता था। इसे ही टाइटल स्पॉन्सरशिप कहते हैं, जिसके लिए कंपनियां बोली लगाकर डील हासिल करती हैं।
साल 2008 में टाइटल स्पॉन्सरशिप के लिए सालाना ₹50 करोड़ दिए गए थे, वहीं 2024 में ये आंकड़ा सालाना 500 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। टाटा और बीसीसीआईके बीच 5 साल की डील हुई है, जिसके लिए टाटा ने कुल ₹2500 करोड़ दिए हैं।

### 22 मार्च से शुरू हो सकता है आईपीएल

इस साल आईपीएल का 17वां सीजन खेला जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, टूर्नामेंट 22 मार्च से शुरू हो सकता है, लेकिन देश में लोकसभा चुनाव की तारीखें जारी नहीं होने के कारण अब तक आईपीएल शेड्यूल का ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुआ है।

---

भविष्य को लेकर भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच का बयान

## भविष्य में क्या होगा,मुझे नहीं पता...



**नई दिल्ली,20 जनवरी 2024।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच जेनेके शॉपमैन ने यहां 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में विफल होने के बाद कहा कि वह नहीं जानती कि उनके और खिलाड़ियों के लिए भविष्य में क्या होने वाला है। भारतीय टीम एफआइएच क्वालीफायर के तीसरे स्थान के मैच में जापान से 0-1 से हार गयी जिससे उसका ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का सपना टूट गया। जापान के लिए काना उराता ने छठे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल किया जो निर्णायक रहा। शॉपमैन ने मैच के बाद कहा, ''मुझे लगता है कि हम कल जर्मनी से मिली हार के बाद मानसिक रूप से तैयार थे। हमने रक्षण में भी अच्छी शुरूआत नहीं की और ऐसा कभी कभार हो जाता है। बतौर टीम हमने जुझारू खेल दिखाया, शुरू में गोल गंवाने के बाद हमने पूरे मैच में दबदबा बनाया।'' उन्होंने कहा, ''हमें गोल करने की जरूरत थी लेकिन हम नहीं कर सके। हम ऐसा क्यों नहीं कर सके, अगर मैं इसका जवाब जानती तो मैं यहां नहीं खड़ी होती। मैं खेल के दौरान ही उन्हें जवाब दे देती।''टूर्नामेंट से शीर्ष तीन टीम ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। जापान ने तीसरे स्थान पर रहकर ओलंपिक का टिकट कटाया जिससे वह पेरिस में जर्मनी और अमेरिका के साथ पहुंचेगी। भारतीय टीम में उनके भविष्य के बारे में पूछने पर शॉपमैन ने कहा, ''मैं इसके बारे में नहीं जानती। '' नीदरलैंड की इस कोच का अनुबंध पेरिस ओलंपिक तक था और यह देखना होगा कि हॉकी इंडिया इस निराशाजनक नतीजे के बाद उनका कार्यकाल बढ़ाता है या नहीं। शॉपमैन तोक्यो ओलंपिक में सोर्ड मारिने की सहायक थीं जिसमें भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही थी। शॉपमैन ने कहा कि भारत ने जापान के खिलाफ ज्यादा दबदबा बनाया, भले ही नतीजा उनके हक में नहीं गया हो। भारत ने नौ पेनल्टी कॉर्नर के अलावा कई मौके गंवाये। कोच ने अपनी टीम के जुझारू जज्बे की प्रशंसा की।

---

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पाकिस्तान क्रिकेट में मचा बवाल

### तीनों विदेशी कोचों के बाद पीसीबी अध्यक्ष जका अशरफ ने दिया इस्तीफा

**करांची, 20जनवरी 2024।** पाकिस्तान क्रिकेट में मचा बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। तीन विदेशी कोचों के इस्तीफे के बाद अब पीसीबी अध्यक्ष पद से जका अशरफ ने इस्तीफा दे दिया है।



दरअसल, जका जुलाई से सीएमसी के अध्यक्ष थे और सरकार ने नवंबर में उनका कार्यकाल चार फरवरी तक बढा दिया था। जका ने लाहौर में सीएमसी की बैठक के बाद इस्तीफा दिया। जका के कार्यकाल के दौरान पाकिस्तानी टीम एशिया कप और विश्व कप में नाकाम रही और न्यूजीलैंड में चल रही टी20 सीरीज में लगातार चौथी हार झेली। तीन दिन पहले ही खेल मंत्रालय ने जका को सीएमसी की बैठकें आयोजित करने से रोक दिया था जबकि उन्हें बोर्ड आफ गर्वनर्स की नियुक्ति करनी थी जो पीसीबी अध्यक्ष के चुनाव के लिये पहला कदम है। अशरफ की अध्यक्षता में एक समिति की बैठक के दौरान अपने छोटे कार्यकाल में उनका समर्थन करने के लिए पीसीबी सदस्यों और संरक्षक कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल हक काकर को भी धन्यवाद दिया। पीसीबी के एक बयान में उनके हवाले से कहा बैठक के अंत में, श्री जका अशरफ ने घोषणा की कि, उन्होंने एमसी के अध्यक्ष और सदस्य के रूप में अपना इस्तीफा माननीय संरक्षक कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर को सौंपने का फैसला किया है। अपनी समापन टिप्पणी में, श्री जका अशरफ ने कहा, माननीय संरक्षक पीसीबी को उनके द्वारा दिखाए गए विश्वास और भरोसे के लिए धन्यवाद दिया और पाकिस्तान और पाकिस्तान क्रिकेट की बेहतरीन के लिए अपनी शुभकामनाएं और प्रार्थनाएं दीं।

### जापान को हराकर ईराक नॉकआउट चरण में

**दोहा,20 जनवरी 2024।** ऐमन हुसैन के दो गोलों की मदद से ईराक ने खिताब की प्रबल दावेदार जापान को 2 . 1 से हराकर एशियाई कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया।



हुसैन के पहले हाफ मेंदोनों गोल किये। यह 1988 के बाद एशियाई कप के ग्रूप चरण में जापान की पहली हार है। जापान के लिये एकमात्र गोल इंजुरी टाइम में वातारू एंडो ने दागा। इस जीत के साथ 2007 का चैम्पियन ईराक ग्रूप डी में शीर्ष पर पहुंच गया। चार बार की विजेता जापान दूसरे स्थान पर है। इंडोनेशिया ने एक अन्य मैच में वियतनाम को 1 . 0 से हराया। अब वियतनाम का सामना ईराक से और जापान का इंडोनेशिया से होगा। ग्रूप सी में ईरान ने हॉगकॉग को 1 . 0 से हराया।

---

# न्यूजीलैंड पाकिस्तान के बीच आज होगा मुकाबला

» 5 वें टी-20 मैच की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और अहम आंकड़े

» न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान



**नई दिल्ली,20 जनवरी 2024।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 5वां टी-20 मैच क्राइस्टचर्च में रविववार (21 जनवरी) को खेला जाएगा।अपने शुरुआती चारों मैचों में करारी हार झेलने वाली पाकिस्तानी टीम बेहतद प्रदर्शन कर क्लीन स्वीप से बचने का प्रयास करेगी।इसी तरह कीवी टीम अपनी लय को बरकरार रखते हुए सीरीज पर 5-0 से अपना कब्जा जमाना चाहेगी।
पाकिस्तान से बाबर आजम ने पहले 3 मैचों में अर्धशतक जमाए तो चौथे मैच में मोहम्मद रिजवान ने नाबाद 90 रनों की पारी खेली। इनके अलावा अन्य बल्लेबाजों की निरंतरता में कमी नजर आई है।दूसरी तरफ पाकिस्तानी गेंदबाज महंगे साबित हुए हैं और उनकी हार का ये प्रमुख कारण रहा है।संभावित एकादशः मोहम्मद रिजवान, सैम अयूब, बाबर आजम, फखर जमान, इफ्तिखार अहमद, आजम खान (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, शाहीन अफरीदी (कप्तान), मोहम्मद वसीम जूनियर, हारिस रऊफ और जमान खान।
फिन एलन इस समय जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने तीसरे मैच में शानदार शतक लगाया था।इसी तरह पिछले मैच में डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद अर्धशतकीय पारियां खेली थी। ऐसे में टीम प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं करना चाहेगी।संभावित एकादशः फिन एलन, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), विल यंग, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, मिचेल सेंटनर (कप्तान), एडम मिल्ने, टिम साउथी, मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन।
टी-20 क्रिकेट में दोनों टीम की भिड़ंत में पाकिस्तान का पलड़ा भारी रहा है।अब तक कुल 38 टी-20 मैच में दोनों टीमें आमने-सामने हुई हैं, जिसमें से 20 पाकिस्तान ने जीते हैं और 17 में कीवी टीम ने बाजी मारी है। इनके अलावा 1 मैच बेनतीजा रहा है।न्यूजीलैंड में दोनों टीम के बीच 19 मैच खेल गए हैं,जिसमें से पाकिस्तान को 7 में जीत और 12 मैच में हार का सामना करना पड़ा है।
एलन ने तीसरे टी-20 में 137 रन की पारी खेली थी। उन्होंने पहले और दूसरे टी-20 में क्रमशः 34 और 74 रन बनाए थे।बाबर चौथे टी-20 में केवल 19 रन बना पाए थे, लेकिन पहले तीन मैचों में क्रमशः 57, 66 और 58 रन बनाए थे।इसी तरह रिजवान ने पिछले मैच में नाबाद 90 रन की पारी खेली थी।साउथी ने मौजूदा सीरीज में 8 विकेट और अफरीदी ने 7 विकेट अपने नाम कर लिए हैं।विकेटकीपरः टिम सिफर्ट और मोहम्मद रिजवान।बल्लेबाजः फिन एलन (कप्तान), बाबर आजम (उपकप्तान), फखर जमान और ग्लेन फिलिप्स।ऑलराउंडर्सः डेरिल मिचेल और मिचेल सेंटनर। गेंदबाजः टिम साउथी, शाहीन अफरीदी और लॉकी फर्ग्यूसन।न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच होने वाला यह मैच 21 जनवरी को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल मैदान में खेला जाएगा। इस मैच को भारतीय समयानुसार सुबह 5:30 बजे से अमेजन प्राइम वीडियो पर लाइव देखा जा सकता है।

---



## बीसीसीआई ने किया टीम का ऐलान

### रिंकू सिंह और तिलक वर्मा को मिला मौका

**नई दिल्ली,20 जनवरी 2024।**बीसीसीआई ने इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ होने वाली आखिरी दो मैचों के लिए टीम का ऐलान किया है। वहीं इस टीम में बोर्ड ने रिंकू सिंह को शामिल किया है। बोर्ड ने अहमदाबाद में इंडिया ए और इंग्लैंड लॉयंस के बीच होने वाले अंतिम दो मैचों के लिए टीम का ऐलान किया। ये दोनों ही मैच 24 जनवरी और 1 फरवरी से शुरू होंगे और चार दिवसीय होंगे। दोनों ही टीमें सीरीज जीतने के लिए खूब जोर आजमाइश करेंगी।
इसके उल्ट 19 साल के कीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र जो आईपीएल 2024 नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स की टीम में 7.2 करोड़ रुपये में शामिल हुए हैं। उनको भी पहली बार ए टीम में मिला है। रिंकू सिंह चौथे और अंतिम अनऑफिशियल टेस्ट के लिए सरफराज खान की जगह लेंगे। जबकि अर्शदीप सिंह को भी मौका मिला है। वहीं हैदराबाद के लिए रणजी ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन के बाद तिलक वर्मा को इस टीम में वापसी हुई है।
दूसरे मल्टी-डे गेम के लिए भारत ए टीम- अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, सरफराज खान, तिलक वर्मा, कुमार कुशाग्र, वाशिंगटन सुंदर, सौरव कुमार, अर्शदीप सिंह, तुषार देशपांडे, विद्वत कवेरप्पा, उपेंद्र यादव, आकाश दीप, यश दयाल।
तीसरे मल्टी-डे गेम के लिए भारत ए टीम- अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, कुमार कुशाग्र, वाशिंगटन सुंदर, शम्स मुलानी, अर्शदीप सिंह, तुषार देशपांडे, विद्वत कवेरप्पा, उपेंद्र यादव, आकाश दीप, यश दयाल।

### आईपीएल 2024 खेलेंगे ऋषभ पंत

**नई दिल्ली,20 जनवरी 2024।** दिल्ली कैपिटल्स के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। आईपीएल 2024 में ऋषभ पंत की वापसी को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। दिल्ली फ्रेंचाइजी के सह-मालिक पीकेएसवी सागर के अनुसार ऋषभ पंत बहुत तेजी से रिकवरी कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह आईपीएल 2024 में खेलते हुए दिखाई दे सकते हैं। अपनी वापसी के लिए ऋषभ पंत कड़ी मेहनत कर रहे हैं। समय-समय पर फोटो और वीडियो जारी कर अपडेट देते रहते हैं।

---

# पहली बार भारत में खेलेंगे मिस्ट्री स्पिनर शोएब बशीर

### दिग्गज ने बताया विराट कोहली के लिए घातक

**नई दिल्ली,20 जनवरी 2024।** भारत दौरे पर आ रही इंग्लैंड की टीम के लिए अनुभवी जैक लीच जहां भारत के खिलाफ इंग्लैंड के मुख्य स्पिनर होंगे। वहीं, 20 साल के अनकैप्ड ऑफ स्पिनर शोएब बशीर पर भी नजरें रहेंगी, ऐसा मोंटी पनेसर का कहना हूै। मोंटी पनेसर साल 2012 में उस इंग्लिश टीम का हिस्सा थे जिसने भारत में 2-1 से टेस्ट सीरीज जीती थी। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 25 जनवरी से भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की रोमांचक टेस्ट सीरीज की शुरुआत होगी।
अनकैप्ड स्पिनर शोएब बशीर भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टीम में शामिल हैं। शोएब बशीर ने इस साल जून में 19 साल की उम्र में चेम्सफोर्ड में सर एलेस्टेयर कुक के खिलाफ अग्नि परीक्षा का सामना करते हुए फर्स्ट क्लास में डेब्यू किया। हालांकि समरसेट के लिए पहले



दिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन उनके नियंत्रण और स्वभाव ने इंग्लैंड स्काउट्स सहित दर्शकों को प्रभावित किया. धीरे-धीरे मिले मौके पर उन्होंने कई बार खुद को साबित किया।
मोंटी पनेसर का मानना है कि काउंटी क्रिकेट में शोएब बशीर का युवा और विविध अनुभव भारतीय दिग्गजों, खासकर विराट कोहली और शुभमन गिल के लिए परेशानी भरा साबित होगा, जो गेंद को ड्राइव करने में रुचि रखते हैं। मोंटी पनेसर ने कहा,मेरा मानना है कि शोएब बशीर वो गेंदबाज हैं जिस पर हमें नजर रखनी चाहिए, और वह निश्चित रूप से भारतीय बल्लेबाजों के लिए परेशानी का सबब बनेगा। भारतीय रेड-सॉइल टर्निंग ट्रैक उसके लिए एक ड्रीम पिच होगी।

### पनेसर ने शोएब बशीर को करीब से देखा

मोंटी पनेसर ने बताया, मैं उनसे मिल चुका हूं। इंग्लैंड में कुछ बार मैंने उन्हें करीब से देखा है और मुझे विश्वास है कि उनमें कुछ असाधारण प्रतिभाएं हैं। अपने हाई-आर्म एक्शन के साथ, वह बल्लेबाज को आगे की ओर खींचेंगे या उन्हें स्लिप और गली से कट करने के लिए मजबूर करेंगे। वह विराट कोहली और शुभमन गिल के खिलाफ शीर्ष पर होंगे, जिनकी खेल की प्रकृति समान है। उन्हें गेंद को ड्राइव करना पसंद है और यही वह जगह है जहां बशीर उनके लिए एक समस्या होगी।

---

# रिचा चड्ढा सनडांस फिल्म फेस्टिवल में मनोरंजन में एक्टिविज्म पर करेंगी चर्चा



एक्ट्रेस रिचा चड्ढा को सनडांस फिल्म फेस्टिवल में 'एंटरटेनर्स एज एक्टिविस्ट' पर चर्चा करने वाले एक पैनल का हिस्सा बनाया गया।
रिचा अन्य प्रभावशाली हस्तियों के साथ स्टेज साझा करेंगी, जिनमें ब्रिजेट एंटोनेट इवांस, कॉमेडियन और एक्टर कोबी लिबी और डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता बाओ गुयेन शामिल हैं। इस बारे में रिचा ने कहा, मनोरंजन में धारणाओं को आकार देने और बदलाव को प्रेरित करने की ताकत है।
कलाकार होने के नाते, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अहम मुद्दों को उठाने के लिए अपनी आवाज का इस्तेमाल करें। मैं सनडांस फिल्म फेस्टिवल पैनल का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं,जो इस बात पर चर्चा करता है कि मनोरंजनकर्ता सार्थक एक्टिविज्म के लिए उत्प्रेरक कैसे हो सकते हैं। हमारी कहानियां न केवल मनोरंजन करेंगी बल्कि विचार को भी प्रेरित करेंगी, जिससे सकारात्मक बदलाव आ सके। अपने मन की बात कहने के लिए मशहूर रिचा चड्ढा सामाजिक बदलाव की मुखर समर्थक रही हैं और अपने दिल के करीब और फिल्म इंडस्ट्री के मुद्दों को संबोधित करती रही हैं। रिचा,अपने पति और बिजनेस पार्टनर अली फजल के साथ, शुचि तलाती द्वारा निर्देशित अपने पहले प्रोडक्शन 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के वर्ल्ड प्रीमियर के लिए साल्ट लेक सिटी के लिए रवाना हो रही हैं। यह फिल्म इस साल के सनडांस फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड ड्रामा कम्पीटिशन कैटेगिरी के लिए चुनी गई एकमात्र भारतीय फीचर है।

---

## अक्षय-टाइगर की 'बड़े मियां छोटे मियां' का पहला पोस्टर रिलीज



अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज है। वे दो बड़े स्टार को एक साथ बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेकरार हैं।
मेकर्स ने आज शनिवार 20 जनवरी को फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर फैंस का एक्साइटमेंट बढ़ा दिया है। साथ ही फिल्म के टीजर रिलीज की डेट भी अनाउंस कर दी। पोस्टर में दोनों स्टार बुलेटप्रूफ शील्ड पहने और हाथों में बंदूकें लिए काफी इंटेंस लुक में दिख रहे हैं।उनके ऊपर हेलीकॉप्टर मंडरा रहे हैं। कैप्शन में अक्षय और टाइगर ने वादा किया कि 'बड़े मियां छोटे मियां' एक्शन लवर्स के लिए एक ट्रीट होगी। कैप्शन में लिखा है, बड़े पर्दे पर अपना फेवरेट काम करने के लिए वापस एक्शन, बड़े मियां छोटे मियां टीजर 24 जनवरी 2024 को रिलीज होगा! बड़े मियां छोटे मियां ईद 2024 पर। फिल्म में दोनों हीरो जबरदस्त एक्शन सीन करते दिखेंगे। इस फिल्म में साउथ इंडियन एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन विलेन के किरदार में रहेंगे। फिल्म की अनाउंसमेंट पिछले साल फरवरी में की गई थी। इसके डायरेक्टर अली अब्बास जफर हैं और इसे पूजा एंटरटेनमेंट और एएजेड फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है।

## इस दिन होगी रकुलप्रीत और जैकी की शादी



एक्ट्रेस रकुलप्रीत सिंह अपने बॉयफ्रेंड जैकी भगनानी के साथ जल्दी ही शादी करने जा रही हैं। लेटेस्ट मीडिया रिपोर्टों के अनुसार रकुल व जैकी 21 फरवरी को गोवा में अपने क्लोज फ्रेंड्स और परिवार की मौजूदगी में विवाह बंधन में बंधेंगे। इससे पहले 19 और 20 फरवरी को उनके प्री-वेंडिंग फंक्शन होंगे। बॉम्बे टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक कपल के करीबी सूत्र ने शादी की कुछ डिटेल्स शेयर की हैं। सूत्र ने बताया कि कपल शादी की तारीख को सीक्रेट रखना चाहता है। डिजाइनर्स से लेकर फोटोग्राफर तक किसी को भी तारीख के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। चूंकि शादी गोवा में हो रही है इसलिए सभी को बड़ी संख्या में तारीखें दी गई हैं। यह पूरी तरह से बॉलीवुड की शादी होने जा रही है। इस बीच बताया जा रहा है कि रकुल की शादी का जोड़ा और जैकी की ड्रेस फेमस फैशन डिजाइनर तरुण ताहिलियानी डिजाइन कर रहे हैं।

## अभिनेत्री कंगना रनौत ने रामलला के मूर्तिकार अरुण योगीराज की जमकर की प्रशंसा

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने रामलला के मूर्तिकार अरुण योगीराज की प्रशंसा की। कंगना ने सुंदर चेहरे वाली विशेषताओं के साथ मूर्ति को जीवंत बनाने की तारीफ करते हुए कहा कि वह काफी दबाव में रहे होंगे। कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में कहा कि मूर्ति बिल्कुल वैसी ही दिखती है जैसी उन्होंने भगवान के चेहरे की कल्पना की थी। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले गुरुवार को राम लला की मूर्ति को 'जय श्री राम' के उद्घोष के साथ राम मंदिर के गर्भ गृह में रखा गया। राम लला की मूर्ति की एक तस्वीर साझा करते हुए, कंगना ने लिखा, मैंने हमेशा सोचा था कि भगवान राम एक




युवा लड़के के रूप में ऐसे दिखते थे और मेरी कल्पनाएं आज इस मूर्ति के साथ जीवंत हो गई, अरुण योगीराज आप धन्य हैं। उन्होंने कहा, कैसी सुंदर और मन को मोह लेने वाली ये प्रतिमा है। अरुण योगीराज जी पर कितना दबाव होगा और स्वयं परमेश्वर को ही पत्थर में थाम लेना क्या कहें ये भी राम की कृपा है। अरुण योगीराज जी श्री राम ने आपको स्वयं दर्शन दिए हैं, आप धन्य हैं।'तेजस' अभिनेत्री 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में कई अन्य बॉलीवुड हस्तियों के साथ भाग लेती नजर आएंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसग बीजेपी ने की लोकसभा प्रभारी,सह प्रभारी,संयोजक और सह संयोजकों की नियुक्ति



रायपुर,20जनवरी 2024 (ए)। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने लोकसभा चुनाव हेतु लोकसभा प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक एवं सहसंयोजकों की नियुक्ति की है।

भारत में 18वीं लोकसभा के सदस्यों के चुनाव के लिए अप्रैल और मई 2024 तक लोकसभा चुनाव होने की उम्मीद है। लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को समाप्त होने वाला है। पिछला लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई 2019 में हुए थे।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रदेश में बंद रहेंगे पशुवध गृह और मांस बिक्री की दुकानें

रायपुर,20 जनवरी 2024 (ए)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ में पशुवध गृह एवं मांस बिक्री की दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने जन आस्था को देखते हुए यह निर्णय लिया है। साय के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है।



# हमारे किसान खुशहाल होंगे तो देश खुशहाल होगा

- विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की होगी महत्वपूर्ण भागीदारी : राज्यपाल
- किसानों के जीवन को खुशहाल और समृद्ध बनाएंगे : मुख्यमंत्री
- उप राष्ट्रपति के मुख्य अतिथ्य में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का 38वां स्थापना दिवस सम्पन्न



रायपुर,20 जनवरी 2024 (ए)। उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 38 वें स्थापना दिवस को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे किसान खुशहाल होंगे तो देश खुशहाल होगा। किसानों के लिए खेती-किसानी आजीविका का साधन ही नहीं अपितु देश की इकॉनामी को गति प्रदान करने, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विकास का आधार है। अन्नदाताओं का अभिनंदन करते हुए करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकी को अपनाकर, किसानों को सहयोग प्रदान कर, आने वाली पीढ़ियों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

### इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का 38 वां स्थापना दिवस

समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने की। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम भी समारोह में उपस्थित थे। उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने इस मौके पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई धान की इम्यूनोबूस्टर एवं कैंसर रोधी नवीन किस्म 'संजीवनी' से निर्मित तीन उत्पादों संजीवनी इंस्टैन्ट, संजीवनी मधु कल्क तथा संजीवनी राइस बार का लोकार्पण किया। उन्होंने ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कृषि दर्शिका 2024 का विमोचन भी किया। इसके पहले उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने विश्वविद्यालय परिसर में कृषि स्टार्ट अप, बायोटेक और कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम के साथ विश्वविद्यालय परिसर में मौलश्री का पौधा रोपा। कार्यक्रम के प्रारंभ में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गिरीश चंदेल ने अतिथियों का स्वागत किया।

उप राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों का आव्हान करते हुए कहा कि आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसमें किसानों का योगदान अतुलनीय है। कृषि के क्षेत्र में विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों के योगदान से इसमें उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। 2047 तक विकसित भारत का निर्माण केवल सपना नहीं हमारा लक्ष्य है। इसे हासिल करने में कृषि के विकास में कृषि वैज्ञानिकों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में आज स्टार्टअप के लिए नई संभावनाएं और बेहतर विकल्प हैं।

उप राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने में आपकी भूमिका एक सैनिक की तरह है। आप किसानों को कृषि उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग और कृषि उत्पादों में वेल्यू एडिशन के लिए प्रोत्साहित करें। हमारे किसान भी खेती किसानी में ड्रोन टेक्नालॉजी का उपयोग करें। इसके लिए भी उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। आज भारत तेजी से विकास कर रहा है। आपके योगदान से विकास की यह रफ्तार और तेज होगी।

उन्होंने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए वृक्षारोपण, खेती में आधुनिक तकनीक के उपयोग,खेती में सौर ऊर्जा के उपयोग, जल संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एक आदिवासी बहुल और प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न राज्य है। यह सुनिश्चित किया जाए कि इन संसाधनों का पूरा लाभ यहां के लोगों को मिले। उन्होंने कहा कि 'इंडिया इज साईनिंग स्टार इन ग्लोबल इकानॉमी' है। इसमें किसानों सहित सभी का योगदान हैं। सरकार की योजनाओं और बेहतर नीतियों ने इस उपलब्धि में उत्प्रेरक का काम किया है।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों के लिए यह अमृत काल है। अब कृषि दूध, सब्जी, तिलहन आदि के केवल उत्पादन तक सीमित नही है। उत्पादनों का प्रसंस्करण कर वेल्यू एडिशन के क्षेत्र में बेहतर विकल्प उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने सभी को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### 47 तक भारत को विश्व का अग्रणी देश बनाने में हमारे युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विश्व का अग्रणी देश बनाने में हमारे युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर विकसित भारत के निर्माण का अभियान शुरू किया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में आयोजित की जा रही है। लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रहे हैं और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। हमारे देश में युवाओं की आबादी सबसे ज्यादा है। युवाओं में अपार क्षमता है वे इस अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पीढ़ियों से कृषि छत्तीसगढ़ का मुख्य व्यवसाय रहा है, जो हमारे समुदायों को बनाए रखता है और हमारी संस्कृति का पोषण करता है। हमारे राज्य की समृद्ध कृषि विरासत पर हम सभी को गर्व है। छत्तीसगढ़ कृषि-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार के एक रोमांचक युग का गवाह बन रहा है। स्टार्टअप और कृषि-उद्यमी उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। कृषि क्षेत्र के नवप्रवर्तक किसानों और सरकार के साथ सहयोग करें ताकि उनके नवाचार जनता तक पहुंचें।

उन्होंने विद्यार्थियों और कृषि वैज्ञानिकों से कहा कि स्टार्टअप्स के साथ सहयोग करें, अपना ज्ञान किसानों के साथ साझा करें, और आईजीकेवी के कार्यक्रम के माध्यम से उपलब्ध संसाधनों का लाभ उठाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। इससे कृषि न केवल उत्पादक होगी बल्कि टिकाऊ, लचीली और समावेशी भी होगी। उन्होंने कहा कि हम सभी बहुत भाग्यशाली हैं जो स्वतंत्र भारत के साथ-साथ गणतंत्र भारत के अमृत काल के साक्षी बने। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई धान की इम्यूनिटी बूस्टर किस्म संजीवनी काफी उपयोगी साबित होगी। उन्होंने स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी।

### 370 हटने के बाद कश्मीर खुशहाल : उप राष्ट्रपति




उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायकों को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि विधानसभा सदस्यों को संविधान की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। संविधान की जो मूल प्रति की जानकारी आपको होनी चाहिए। संविधान की किताब में भगवान राम, माता सीता, भगवान कृष्ण की तस्वीर है। जैन मुनियों का उल्लेख है, सिख गुरुओं का उल्लेख है, गांधी का है, अकबर का उल्लेख है। मैं चाहता हूं कि संविधान की मूल प्रति आपके पास हो, आपको जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर ने अनुच्छेद 370 को ड्राफ्ट नहीं किया था, उन्होंने क्यों इंकार किया था, इसकी जानकारी आपको होनी चाहिए। मैं कश्मीर की पीड़ा से वाकिफ रहा हूं, मैं बतौर केंद्रीय मंत्री करीब से देखा है। आज अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर खुशहाल है। मैं देख रहा हूं, देश देख रहा है। संविधान निर्माण यात्रा के दौरान जो बड़े-बड़े बदलाव हुए उसकी जानकारी आपको होनी चाहिए। लोकसभा बनने के बाद संविधान का जो पहला संशोधन उसमें मौलिक अधिकार पर अंकुश लगाया गया था, ये क्यों लगाया, इसके पीछे क्या कारण रहे, इससे क्या हुआ ? ये सब आपको जानना चाहिए।

# छत्तीसगढ़ की विविधता पूर्ण लोकाचार पूरे देश को करता है...प्रभावित

### प्रबोधन कार्यक्रम का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने किया शुभारंभ

रायपुर,20 जनवरी 2024 (ए)। प्रबोधन सत्र को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश सौंदर्य,आध्यात्मिक शांति का प्रतीक रहा है। प्रदेश छोटा है, लेकिन यहां विविधता है। यहां का लोकाचार पूरे देश को प्रभावित करता है।

विधायकों का सौभाग्य है कि,यहां की विधानसभा का सदस्य बनने का मौक़ा मिला है। मुझे विश्वास है कि जनता ने जिस भरोसे से उन्हें चुना है, सभी विधायक उन भरोसे पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा यह भी मानना है कि, हम नई तकनीक के ज़रिए अपनी क्षमता को बढ़ाये।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के 2 दिवसीय प्रबोधन सत्र का शुभारंभ हो चुका है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. इस दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित अन्य विधायक भी मौजूद रहे।



आगे उन्होंने कहा, प्रबोधन कार्यक्रम में संसदीय कार्यों को जानते हुए संवैधानिक दायित्वों को निभाते हुए ज़िम्मेदारियों को पूरा कर सकें ये सीखने मिलेगा। इस विधानसभा का सौभाग्य है कि, यहां के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह जो तीन बार के मुख्यमंत्री रहे उनके अनुभवों का लाभ मिलेगा। यहां के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय केंद्र में मंत्री रहे हैं, उनके अनुभवों का भी लाभ मिलेगा।

आगे उन्होंने कहा, राज्य के विकास के लिए सदन में बनने वाली नीति बनाते समय विधायकों से चर्चा होगी. भारत में लोकतंत्र बहुत पुराना है. हमारी कार्यशैली में लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा रहा है. पूरी दुनिया में हमारी संसदीय लोकतंत्र में हमारी प्रतिष्ठा बढ़ी है। आज़ादी के बाद से अब तक 18 से ज्यादा देश का आम चुनाव और तीन सौ से ज़्यादा विधानसभा के चुनाव हुए हैं. सत्ता का हस्तांतरण सामान्य ढंग से हुआ है।आगे ओम बिड़ला ने कहा, छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के साथ ही यहां की समृद्धि बढ़ी है। सरकार किसी की भी हो विधानमंडल एक ऐसा मंच है, जहां किसी भी दल का विधायक चाहे सत्तापक्ष का हो या विपक्ष का अपने क्षेत्र की बात को मज़बूती से रखता है। जनता की भावनाओं को रखता है।

गर्भगृह में आकर सदस्यों का निलंबन होना, यहां की अच्छी परंपरा है। जब सामूहिक हित की बात हो तो सभी दलों को एक समूह में काम करने की ज़रूरत है. देश में जब ऐसे विषय आते हैं, हम सामूहिकता के साथ खड़े होते हैं। सर्व सम्मति से फ़ैसले लेते हैं. विधान मंडल के भीतर प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर बेहतर चर्चा है।आगे उन्होंने कहा कि, विधानसभा के अध्यक्ष से भी आग्रह करता हूं कि जितनी भी महत्वपूर्ण चर्चा है उसका डिजिटलाइजेशन कर दें. दो दिनों तक जो प्रबोधन कार्यक्रम चलेगा उस पर डिटेल में चर्चा होगी। नये पुराने सभी विधायकों से आग्रह करता हूं कि, सदन में ज़्यादा से ज्यादा बैठे. मेरा मानना है कि जो विधायक सदन में ज्यादा देर तक बैठता है, वह अपनी बात प्रभावी ढंग से रख पाता है।

# कांग्रेस प्रवक्ता और नेता पर लटक रही गिरफ्तारी की तलवार

- महादेव एप मामले में हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान
- कोर्ट में हाजिर होना अनिवार्य नहीं तो होगी गिरफ्तारी

बिलासपुर-रायपुर,20 जनवरी 2024 (ए)। ऑनलाइन सट्टा एप्प महादेव मामले में आरोपियों की मुसीबत बढ़ती जा रही है। हाईकोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी कर आरोपियों को कोर्ट में उपस्थित होने कहा है। उपस्थित नहीं होने की स्थिति में इनकी गिरफ्तारी भी संभव है। महादेव एप्प मामले में कुल 6 आरोपी जेल में बंद हैं। महादेव बेटिंग एप्प मामले में आरोपी एएसआई चंद्रभूषण वर्मा, कांस्टेबल भीम सिंह, सतीश चंद्राकर, हवाला ऑपरेटर्स दमानी भाई और आसिम दास ईडी की हिरासत में है। ईडी ने इन सभी को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया है। ईडी ने आसिम दास को पकड़कर उससे 5.39 करोड़ रुपए बरामद किए हैं। इस मामले में ईडी ने अब तक दो चार्जशीट दायर की है, जिसमें कथित अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग एप के मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल सहित कई अन्य आरोपी शामिल हैं। सौरभ व रवि भिलाई शहर के रहने वाले हैं। इन दोनों को दुबई से हिरासत में लिया गया था। ईडी के मुताबिक,दुर्ग-भिलाई से महादेव एप्प ऑनलाइन सट्टा की शुरुआत हुई। इसके संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल ने साल 2018-19 में एप्प डिजाइन कर पूरे छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों में फैला दिया। दुर्ग पुलिस ने इस पर कार्रवाई शुरु की तो ऊपर दबाव बनाने लगा और कार्रवाई नरम पड़ गई.। इसके बाद ये काला कारोबार दुबई में ले जाकर स्थापित किया. देश के पैसे को हवाला के जरिए बाहर ले जाया गया। इस मामले में ईडी ने मनी लॉड्रिंग प्रकरण की सुनवाई के लिए विधायक देवेन्द्र यादव, चंद्रदेव राय, पीसीसी प्रवक्ता आरपी सिंह, कांग्रेस नेता विनोद तिवारी सहित 11 को नोटिस जारी कर कोर्ट ने उपस्थिति दर्ज कराने कहा है। कोर्ट में उपस्थिति दर्ज नहीं कराने और अग्रिम जमानत नहीं लेने पर गिरफ्तारी की जाएगी।



# राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए राज्य स्तरीय अभियान 25 जनवरी से

रायपुर,20 जनवरी 2024 (ए)। छत्तीसगढ़ में राशन कार्डो का नवीनीकरण करने की तैयारी की जा रही है। पुराने राशन कार्डो में अब भी पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की फोटो लगी हुई जिसे हटाया जाएगा । छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद अब भाजपा की सरकार बन गई इसलिए राशन कार्डों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की फोटो लगाई जाएगी। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 76.94 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए राज्य स्तरीय अभियान 25 जनवरी 2024 से प्रारंभ होगा।

राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि वर्तमान में प्रचलित सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 के दौरान किया जाएगा। इस हेतु खाद्य विभाग द्वारा नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है जिसे राशनकार्डधारी अपने मोबाईल में डाउनलोड कर राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट एच टी टी पी एस// खाद्य. सीजी. एन आई सी.आई एन/ से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राईड मोबाईल नहीं है अथवा जहां पर मोबाईल कनेक्टि विटी नहीं है वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर ऑनलाइन तथा ऑफलाईन प्रक्रिया के जरिए राशनकार्डों हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत करने का प्रावधान किया गया है। संचालक खाद्य विभाग द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टर्स को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।




# नक्सल मुद्दे पर हम सिर्फ पुलिसिंग ही नहीं बल्कि नई रणनीति बनाएंगेः विजय शर्मा

### गृहमंत्री ने कल अमित शाह के साथ मीटिंग को लेकर दिया बड़ा बयान

रायपुर,20 जनवरी 2024(ए)। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, नक्सलवाद के मुद्दे पर हम सिर्फ पुलिसिंग ही नहीं बल्कि हर पक्ष में नये तरीके से रणनीति बनाएंगे। जो नौजवान भटक गए हैं उन्हें फिर से मुख्यधारा में शामिल करने का प्रयास करेंगे। अंदर जो कैंप है उसके सहारे ही स्कूल चल रहे हैं। जंगल के अंदर राशन दुकान चल रही है।

मूलभूत जरूरतें कैंप के होने की वजह से ही पूरी हो पा रही है। शर्मा ने कहा, जहां कैंप नहीं है वहां स्थिति ऐसी नहीं है। अंदर का व्यक्ति बाहर ना आ सके, रोज़गार ना पा सके, सड़कें ना बने, कोई बीमार हो तो अस्पताल तक ना आ सके, बच्चे पढ़े ना ये सब ठीक होनी चाहिए।केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 21 जनवरी को रायपुर में वामपंथ उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) की समीक्षा करेंगे। इस समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा,डीजीपी अशोक जुनेजा समेत राज्य पुलिस और अर्ध सैनिक बलों के आला अधिकारी मौजूद होंगे।

लंबे समय बाद हो रही इस बैठक को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पिछली सरकार कांप्रोमाइज्ड रही। सरकार ने इस पर काम नहीं किया। समाज में इस विषय को लेकर बहुत दर्द है. नये सिरे से इस पर समीक्षा की जाएगी। नई शुरुआत करेंगे. केंद्रीय गृहमंत्री समीक्षा करने आ रहे हैं।



# विवाहित महिलाओं के खाते में जल्द आएगी महतारी वंदन योजना की राशिःसीएम साय



रायपुर,20 जनवरी 2024(ए)। प्रदेश में भाजपा ने मोदी की गारंटी पर कांग्रेस की सरकार बदल दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार मोदी की गारंटी वाली योजनाओं को मूर्तरूप देने के लिए लगातार प्रयास में जुटी है। कैबिनेट की बैठक कर मोदी की गांरटी में किए हुए वादे को एक-एक कर पूरी कर रही है। इसी बीच सीएम साय का बड़ा बयान सामने आया है।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विवाहित महिलाओं को जल्द ही महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। उनके खाते में 12 हजार रुपये सालाना दिए जाएंगे। राज्य सरकार के अनुपूरक बजट में राशि की व्यवस्था कर ली है। आपको बता दें कि हाल ही में विष्णु देव साय कैबिनेट की बैठक हुई थी। जिसमें छत्तीसगढ़ की जनता को आस्था से जुड़ी मोदी की गारंटी पूरी की गई है। इस गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ के नागरिकों को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन कराया जाएगा। योजना के अनुसार राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद हर साल हजारों राम भक्त छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जाएंगे।



# बीजापुर के जंगल में पुलिस और जवानों के बीच हुई मुठभेड़,3 नक्सली हुए ढेर

बीजापुर,20 जनवरी 2024(ए)। नक्सली जिलों में नक्सलियों के आतंक के बीच जवानों को बड़ी सफलता मिली है। दरअसल बीजापुर के बलमनेड्रा के जंगल में पुलिस और जवानों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में 3 नक्सली की मारे जानें की खबर हैं। जवानों ने 2 महिला और 1 पुरुष नक्सली को मार गिराया, वहीं घटनास्थल से हथियार, विस्फोटक व अन्य सामान बरामद किए हैं। आपको बता दें कि सुरक्षबलों द्वारा लगातार सर्चिंग जारी है। नक्सलियों के आतंक को खत्म करने के लिए राज्य सरकार लगातार अधिकारियों की क्लास ले रहे हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)